## About the Book

आगे बढ़ने से पहले अपनी परीक्षा की तैयारी को और मजबूत करने के लिए हमारी नवीनतम प्रैक्टिस बुक के साथ तैयार हो जाओ, जो Agrawal Examcart के विशेषज्ञों द्वारा मेहनत से तैयार की गई है। यहाँ जानिए इसे लेने के मुख्य कारण :

- हमने पिछले वर्षों के पेपर्स, परीक्षा का पाठ्यक्रम और पैटर्न का पूरा आकलन किया है। विगत वर्षों के पेपर्स को ध्यान से विश्लेषित किया गया है और समझने का प्रयास किया गया है कि परीक्षा सेटर के दृष्टिकोण से कौन-कौन से अध्याय महत्वपूर्ण हैं, हर अध्याय पर कितने प्रश्न पूछे जाते हैं और इन प्रश्नों का कठिनाई स्तर भी तय किया जाता है।

- इस विस्तृत विश्लेषण के आधार पर, हमारी टीम ने एक प्रैक्टिस बुक तैयार की है जो अद्भुत और सटीक प्रैक्टिस सेट्स को संयोजित करती है। हमारा मानना है कि इस पुस्तक में दिया गया प्रत्येक प्रैक्टिस सेट आगामी परीक्षा पेपर से काफी मिलता जुलता होगा। हर पेपर को हल करने पर मिलने वाला परिणाम आपको आपके आगामी परीक्षा स्कोर का सही ढंग से पूर्वानुमान करने में मदद करेगा और साथ ही आपकी परीक्षा तैयारी का 80% की सटीकता के साथ आकलन करने में सक्षम होगा।

अपनी परीक्षा सफलता को किस्मत पर न छोड़ें। इस प्रैक्टिस बुक की कॉपी आज ही प्राप्त करें और अपनी तैयारी को अगले स्तर पर ले जाएँ।

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें




Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART Paper Pakka Fasega!

CB1915

जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक प्रैक्टिस सेट्स एवं सॉल्व्ड पेपर
ISBN - 978-93-6054-562-8
9 789360 545628
₹ 219

जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक प्रैक्टिस सेट्स एवं सॉल्व्ड पेपर

CB1915

AGRAWAL EXAMCART

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित

# जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक

## भर्ती परीक्षा

## सामाजिक अध्ययन

**10 प्रैक्टिस सेट्स**

बेहतरीन प्रश्नों का संग्रह एवं व्याख्यात्मक हल का समावेश !

एवं

**01 सॉल्व्ड पेपर** (2021)



BEST PRACTICE SETS!

क्योंकि ये है इस परीक्षा के सबसे सटीक प्रैक्टिस सेट्स

| Code | Price | Pages | ISBN |
| --- | --- | --- | --- |
| CB1915 | ₹219 | 203 | 978-93-6054-562-8 |

# विषय सूची


➔ परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना — v

➔ जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के पिछले वर्ष के हल प्रश्न-पत्र का विश्लेषण चार्ट — vii

➔ जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम — viii

**प्रैक्टिस सेट्स — 1-64**

- ❖ प्रैक्टिस सेट–1 — 1-6
- ❖ प्रैक्टिस सेट–2 — 7-12
- ❖ प्रैक्टिस सेट–3 — 13-18
- ❖ प्रैक्टिस सेट–4 — 19-24
- ❖ प्रैक्टिस सेट–5 — 25-30
- ❖ प्रैक्टिस सेट–6 — 31-37
- ❖ प्रैक्टिस सेट–7 — 38-43
- ❖ प्रैक्टिस सेट–8 — 44-50
- ❖ प्रैक्टिस सेट–9 — 51-57
- ❖ प्रैक्टिस सेट–10 — 58-64

**व्याख्यात्मक हल — 1-113**

- ❖ प्रैक्टिस सेट–1 से 10 — 1-113

**सॉल्व्ड पेपर — 1-18**

- ➢ जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा, 2021 (हल प्रश्न-पत्र) — 1-18

# प्रैक्टिस सेट-1

## सामान्य अध्ययन

1. सती प्रथा का प्रथम अभिलेखिक साक्ष्य प्राप्त हुआ है—
(A) एरण से (B) जूनागढ़ से
(C) मंदसौर से (D) साँची से

2. ऋग्वेद में कई परिच्छेदों में प्रयुक्त 'अघन्य' शब्द सन्दर्भित है—
(A) पुजारी के लिए (B) स्त्री के लिए
(C) गाय के लिए (D) ब्राह्मण के लिए

3. निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है ?
(A) कर्पूरमंजरी-हर्ष
(B) मालविकाग्निमित्र-कालिदास
(C) मुद्राराक्षस-विशाखदत्त
(D) सौन्दरानन्द-अश्वघोष

4. निम्नलिखित में से कौन एक शैलकृत स्थापत्य का उदाहरण है?
(A) तटीय मंदिर, मामल्लपुरम
(B) राजराजेश्वर मंदिर, तंजावुर
(C) कैलास मंदिर, एलोरा
(D) जगन्नाथ मंदिर, पुरी

5. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये—

| **सूची-I (दार्शनिक)** | **सूची–II (दर्शन)** |
|---|---|
| a. रामानुज | 1. शुद्धद्वैत |
| b. माधवाचार्य | 2. द्वैताद्वैत |
| c. निम्बार्क | 3. द्वैत |
| d. वल्लभाचार्य | 4. विशिष्टद्वैत |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

6. 'सहायक संधि' को किसके काल में क्रियान्वित किया गया?
(A) लॉर्ड कार्नवालिस
(B) लॉर्ड वेलेजली
(C) सर जान शोर
(D) लॉर्ड ऑकलैण्ड

7. ज्योतिबा फुले सम्बन्धित थे—
(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन से
(B) श्रमिक संघ आन्दोलन से
(C) जाति-विरोधी आन्दोलन से
(D) कृषक आन्दोलन से

8. डेक्कन एजुकेशनल सोसाइटी की स्थापना से कौन सम्बन्धित था ?
(A) जस्टिस रानाडे
(B) फिरोज शाह मेहता
(C) बीजी तिलक
(D) दयानन्द सरस्वती

9. दक्षिण भारत के भगवान रंगनाथ (जिन्हें भगवान वेंकटेश भी कहते हैं), का मंदिर स्थित है—
(A) बिलिगिरि गंगा पहाड़ी पर
(B) तिरुमल्ला पहाड़ी पर
(C) नन्दी पहाड़ी पर
(D) चामुण्डी पहाड़ी पर

10. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?
(A) कोलकाता–हुगली क्षेत्र — टीटागढ़
(B) छोटा नागपुर क्षेत्र — शिवकाशी
(C) मुम्बई–पुणे क्षेत्र — अम्बरनाथ
(D) अहमदाबाद–बड़ौदा क्षेत्र — भरुच

11. निम्नलिखित में से भारत के पूर्वी तट पर स्थित सबसे बड़ी लैगुन झील कौन–सी है ?
(A) पुलीकट (B) चिल्का
(C) कुलेरू (D) किलीवेली

12. भारत की निम्न झीलों में से कौन जम्मू एवं कश्मीर में अवस्थित है ?
(A) फूलहर झील (B) कोलेरू झील
(C) अंचार झील (D) हमीरसर झील

13. निम्नलिखित नदियों में से किसका उद्गम भारत में नहीं है ?
(A) सतलज (B) रावी
(C) चेनाब (D) व्यास

14. **कथन (A) :** काली मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयुक्त है।
**कारण (R) :** उनमें जैव तत्व प्रचुर मात्रा में होता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(A) A तथा R सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है, परन्तु R गलत है।
(D) A गलत है, परन्तु R सही है।

15. भारत के निम्न राज्यों में से किसमें सागवान का वन पाया जाता है ?
(A) मध्य प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) झारखण्ड (D) कर्नाटक

16. 'चिपको' आन्दोलन सम्बन्धित है—
(A) पादप संरक्षण से
(B) बाघ परियोजना से
(C) घड़ियाल परियोजना से
(D) पादप प्रजनन से

17. आम–वर्षा (Mango showers) को इनमें से किस रूप में परिभाषित किया जा सकता है ?
(A) मानसून के बाद की वर्षा जो सामान्य रूप से महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में होती है।
(B) मानसून के पूर्व की वर्षा जो सामान्य रूप से कर्नाटक और केरल में होती है।
(C) सर्दी के मौसम में बर्फीले तूफान
(D) मानसून वर्षा जो सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में होती है।

18. भारत की इनमें से कौन–सी जगह हीरे की खानों के लिए प्रसिद्ध है?
(A) पन्ना (B) पटना
(C) पिलानी (D) पीलीभीत

19. कौन-सा भारतीय राज्य सोयाबीन का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है?
(A) हिमाचल प्रदेश (B) मध्य प्रदेश
(C) आंध्र प्रदेश (D) अरुणाचल प्रदेश

20. नील नदी को निम्न में से किस देश की रीढ़ की हड्डी कहा जाता था ?
(A) सऊदी अरब (B) सूडान
(C) मोरक्को (D) मिस्र

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव-समूह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक होता है?

(A) शैवाल और लाइकेन

(B) प्रोटोजोआ और लाइकेन

(C) शैवाल और प्रोटोजोआ

(D) जीवाणु और कवक

**22.** क्योटो प्रोटोकॉल एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जिसका उद्देश्य निम्न को कम करना है–

(A) इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन

(B) निकास उत्सर्जन

(C) रेडियोधर्मी उत्सर्जन

(D) ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन

**23.** संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार थे–

(A) सच्चिदानन्द सिन्हा

(B) के.एम. मुंशी

(C) बी.एन. राव

(D) टी.टी. कृष्णामाचारी

**24.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग के लिए प्रावधान है ?

(A) अनुच्छेद-320 (B) अनुच्छेद-322

(C) अनुच्छेद-324 (D) अनुच्छेद-326

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक संवैधानिक संस्था नहीं है ?

(A) वित्त आयोग

(B) योजना आयोग

(C) लोक सेवा आयोग

(D) चुनाव आयोग

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख लक्षण है ?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(B) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(C) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**27.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) जनश्री बीमा योजना-2000

(B) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन-2005

(C) एम.जी. नरेगा-2003

(D) आम आदमी बीमा योजना-2007

**28.** निम्नांकित में कौन भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण करता है ?

(A) केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल

(B) लोकसभा

(C) राज्यसभा

(D) योजना आयोग (अब नीति आयोग)

**29.** 'निर्धनता का दुश्चक्र' की अवधारणा सम्बन्धित है–

(A) कार्ल मार्क्स से

(B) नर्क्स से

(C) एडम स्मिथ से

(D) इनमें से कोई नहीं

**30.** निम्नलिखित में से कौन.सा 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' के अन्तर्गत लक्षित समूह है?

(A) भूमिहीन कृषि श्रमिक

(B) सीमान्त किसान

(C) फुटपाथ विक्रेता

(D) डेयरी किसान

**31.** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान स्थित है–

(A) नई दिल्ली में (B) नोएडा में

(C) बेंगलुरु में (D) हैदराबाद में

**32.** निम्नलिखित में से कौन भारत के शेयर बाजार के कार्य को नियंत्रित करता है?

(A) फेमा

(B) सेबी

(C) एम.आर.टी.पी. अधिनियम

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33.** भारत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का सदस्य बना–

(A) 1952 में (B) 1951 में

(C) 1950 में (D) 1947 में

**34.** 'गरीबी की संस्कृति' का विचार प्रस्तुत किया गया–

(A) आस्कर लुईस द्वारा

(B) गुन्नार मिरडल द्वारा

(C) आशीष बोस द्वारा

(D) अमर्त्य सेन द्वारा

**35.** 'रिंगेलमेन स्केल' का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके घनत्व मापन में होता है ?

(A) धुआँ (B) प्रदूषित जल

(C) कोहरा (D) ध्वनि

**36.** निम्नलिखित में किसका वेग अधिकतम होता है?

(A) कास्मिक किरण (B) प्रकाश

(C) इलेक्ट्रॉन (D) पराध्वनिक तरंग

**37.** निम्नलिखित में से कौन–सा रसायन फल पकाने के लिए उपयोग में लाया जाता है ?

(A) सोडियम क्लोराइड

(B) कैल्शियम कार्बाइड

(C) पोटैशियम क्लोराइड

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**38.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए–

| | **सूची–I (पदार्थ)** | | **सूची–II (अनुप्रयोग)** |
|---|---|---|---|
| a. | नीला थोथा | 1. | कृत्रिम वर्षा |
| b. | इओसिन | 2. | कवकनाशी |
| c. | सिल्वर आयोडाइड | 3. | लाल स्याही |
| d. | जिंक फॉस्फाइड | 4. | कृन्तकनाशी (रोडेन्टनाशी) |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**39.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | विटामिन | 1. | पेप्सिन |
| b. | एंजाइम | 2. | कैरोटीन |
| c. | हार्मोन | 3. | कैराटीन |
| d. | प्रोटीन | 4. | प्रोजेस्टिरॉन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**40.** मानव शरीर में निम्नलिखित में से कौन–सी ग्रंथि अन्तःस्रावी एवं बहिःस्रावी दोनों ही प्रकार की ग्रंथि है ?

(A) ऐड्रिनल ग्रंथि (B) अश्रुग्रंथि

(C) अग्न्याशय (D) थाइरॉइड

**41.** मलेरिया रोग की प्रभावी औषधि कुनैन का निष्कर्षण किया जाता है–

(A) सिनेमन की छाल से

(B) सिनकोना की छाल से

(C) तुलसी की पत्तियों से

(D) कत्था-वृक्ष की छाल से

**42.** निम्नलिखित में से किस जीव का रक्त सफेद होता है ?

(A) छिपकली (B) तिलचट्टा

(C) घरेलू खटमल (D) मच्छर

43. 'लौंग' है—
(A) तने की गांठ (B) जड़ की गांठें
(C) पत्तियाँ (D) सूखे फूल

44. सल्फा ड्रग, निम्नलिखित में से, किस प्रकार की औषधि है?
(A) प्रतिरोधी (B) पीड़ाहारी
(C) ज्वरनाशी (D) प्रतिजीवाणुक

45. एक कृत्रिम उपग्रह में विद्युत ऊर्जा का स्रोत क्या होता है ?
(A) थर्मोपाइल
(B) सौर सेल
(C) डायनमो
(D) लघु नाभिकीय रिएक्टर

46. कम्प्यूटर की स्थायी स्मृति को क्या कहते हैं?
(A) RAM (B) ROM
(C) CPU (D) CD-ROM

47. मान लें कि एक घड़ी 6:15 दिखाती है और मिनट की सुई उत्तर की ओर होती है। 11:00 पर घंटे की सुई किस दिशा में होगी ?
(A) उत्तर–पूर्व (B) उत्तर–पश्चिम
(C) दक्षिण–पूर्व (D) दक्षिण–पश्चिम

48. AB : BE : : CJ : ?
(A) DP (B) ER
(C) EP (D) DQ

49. एक निश्चित कूट भाषा में CONCISE को 91 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में IDEALISM को क्या लिखा जाएगा ?
(A) 130 (B) 131
(C) 140 (D) 132

50. एक पक्षी अपने घोंसले से 25 मीटर उत्तर–पूर्व की ओर उड़ता है। इसके बाद यह दायें मुड़ता है और 7 मीटर की उड़ान भरता है। फिर से, यह दायें मुड़ता है और 75 मीटर की उड़ान भरता है। पक्षी अब अपने घोंसले से किस दिशा में है?
(A) पूर्व (B) उत्तर–पश्चिम
(C) उत्तर–पूर्व (D) दक्षिण–पश्चिम

## सामाजिक अध्ययन

51. बेलनाकार पाषाण मुद्राओं का उपयोग किस सभ्यता में किया जाता था?
(A) हड़प्पा (B) मिस्र
(C) रोमन (D) मेसोपोटामिया

52. हड़प्पा स्थल की सर्वप्रथम संक्षिप्त खुदाई निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी?
(A) राखालदास बनर्जी
(B) बी.के. थापर
(C) सर अलेक्जेंडर कनिंघम
(D) अर्नेस्ट जे.एच. मैके

53. निम्नलिखित में से किस स्थान पर "पुजारी राजाओं" की मूर्ति मिली थी ?
(A) लोथल (B) मोहनजोदड़ो
(C) कोटदीजी (D) हड़प्पा

54. निम्नलिखित में से कौन–सा शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के लिए सही है ?
(A) NNP = GNP × मूल्य ह्रास
(B) NNP = GNP – मूल्य ह्रास
(C) NNP = GNP + मूल्य ह्रास
(D) NNP = GNP / मूल्य ह्रास

55. निम्नलिखित में से कौन–सा मुद्रा बाजार का साधन नहीं है?
(A) जमा का प्रमाण पत्र
(B) नकद प्रबंधन बिल
(C) ऋणपत्र
(D) वाणिज्यिक पत्र

56. शतपथ ब्राह्मण और तैत्रिय ब्राह्मण........के ब्राह्मण मूलपाठ हैं।
(A) सामवेद (B) अथर्ववेद
(C) ऋग्वेद (D) यजुर्वेद

57. ऋग्वेद में निम्नलिखित में से किस देवता की सर्वाधिक महत्ता का वर्णन है?
(A) वरुण (B) इंद्र
(C) अग्नि (D) शिव

58. भारत में खाद्य सुरक्षा के सन्दर्भ में MSP का क्या अर्थ है?
(A) न्यूनतम मानक मूल्य
(B) अधिकतम जीविका मूल्य
(C) अधिकतम समर्थन मूल्य
(D) न्यूनतम समर्थन मूल्य

59. भारतीय रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय कहाँ है?
(A) पुणे (B) मुंबई
(C) कोलकाता (D) दिल्ली

60. निम्नलिखित में से कौन–सा 'ज्ञान' के सिद्धान्त पर बल देता है?
(A) योग दर्शन (B) वेदान्त दर्शन
(C) सांख्य दर्शन (D) उपनिषद्

61. निम्न में से कौन–सा उपवेद नहीं है ?
(A) धनुर्वेद (B) गन्धर्ववेद
(C) आयुर्वेद (D) योगवेद

62. बजट घाटे को निम्नलिखित में से किस विधि द्वारा वित्तपोषित किया जा सकता है ?
I. कराधान
II. उधार
III. मुद्रा छापना
(A) I तथा II (B) II तथा III
(C) III तथा I (D) I, II तथा III

63. निम्नलिखित में से कौन–सा देश कर चोरी को कम करने के लिए G.S.T. लागू करने वाला पहला देश था?
(A) जर्मनी
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) यूनाइटेड किंगडम
(D) फ्रांस

64. पाँचवीं से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास बुद्ध के उपदेशों का संकलन निम्नलिखित में से कौन-सा था?
(A) तत्वार्थ (B) त्रिपिटक
(C) अवेस्ता (D) अष्टांगहृदयम्

65. चार महान सत्य की अवधारणा किस धर्म से सम्बन्धित है ?
(A) जैन धर्म (B) सिख धर्म
(C) हिंदू धर्म (D) बौद्ध धर्म

66. निम्नलिखित में से कौन प्राचीन भारत में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे ?
(A) अभिनन्दन (B) ऋषभदेव
(C) वासुपूज्य (D) वर्धमान महावीर

67. निम्नलिखित वित्तीय संस्थाओं में से कौन पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक के रूप में जाना जाता है?
(A) यूरोपियन निवेश बैंक (E.I.B.)
(B) अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष (I.M.F.)
(C) विश्व बैंक
(D) एशियाई विकास बैंक

68. भारत में सकल घरेलू उत्पाद के परिकलन के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है ?
(A) भारतीय रिज़र्व बैंक
(B) नीति आयोग
(C) केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(D) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय

69. अजातशत्रु ने निम्नलिखित में से किस पर आक्रमण करने के सम्बन्ध में वास्साकार (Vassakara) नामक अपने मंत्री को बुद्ध के पास उनका परामर्श लेने के लिए भेजा ?
(A) कोलीय (B) शाक्य
(C) वज्जि (D) मल्ल

70. निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्ध स्तूप की संरचना का हिस्सा नहीं है?
(A) गोपुरम (B) आंदा
(C) यष्टि (D) हार्निका

71. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूंजी खाता परिवर्तनीयता (CAC) पर सिफारिशें करने के लिए किस समिति का गठन किया गया था?
(A) नायक समिति (B) महाजन समिति
(C) सत्यम समिति (D) तारापोर समिति

72. भारत ने ASEAN के साथ पूर्ण संवाद साझेदारी किस वर्ष में स्थापित की ?
(A) 1996 (B) 1993
(C) 1990 (D) 1998

73. निम्नलिखित यूनानी शासकों में से किसने मेगस्थनीज को चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था ?
(A) अमीनटास तृतीय (B) फिलिप द्वितीय
(C) सेल्यूकस निकेटर (D) अमीनटास द्वितीय

74. मेगस्थनीज के अनुसार, चंद्रगुप्त के रक्षक शाही जुलूसों के दौरान सोने और चाँदी से सजाए गए ................ की सवारी करते थे।
(A) घोड़ों (B) हाथियों
(C) बैलों (D) एकसिंगे (यूनिकॉर्न)

75. विश्व व्यापार संगठन (Word Trade Organisation) की स्थापना कब हुई थी?
(A) 1 जनवरी, 1995 (B) 1 जनवरी, 1998
(C) 1 जनवरी, 1993 (D) 1 जनवरी, 1991

76. W.E.F. (विश्व आर्थिक मंच) का मुख्यालय कहाँ है?
(A) मनीला (B) जिनेवा
(C) न्यूयॉर्क (D) वाशिंगटन डी.सी.

77. गुजरात में ................... झील वस्तुतः एक कृत्रिम जलाशय है जो मौर्यों के शासन के दौरान बनाया गया था।
(A) पुष्कर (B) लोनार
(C) लोकटक (D) सुदर्शन

78. निम्नलिखित में से किस शहर में 'प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ' का मुख्यालय स्थित है?
(A) वाशिंगटन डी.सी. (B) वियना
(C) ग्लैंड (D) लंदन

79. मानव विकास सूचकांक.........से बना है।
1. साक्षरता दर
2. जन्म पर जीवन प्रत्याशा
3. जीवन स्तर
4. जीडीपी
सही विकल्प चुनिए–
(A) 1 और 2 केवल (B) उक्त सभी
(C) 1, 2 और 3 (D) 1, 3 और 4

80. निम्नलिखित में से महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने वाले प्रथम गुप्त सम्राट कौन थे?
(A) चंद्रगुप्त प्रथम (B) चन्द्रगुप्त द्वितीय
(C) समुद्रगुप्त (D) रामगुप्त

81. निम्नलिखित में से गुप्त वंश का वह राजा कौन था जिसने हूणों को भारत पर आक्रमण करने से रोका ?
(A) कुमारगुप्त (B) समुद्रगुप्त
(C) स्कन्दगुप्त (D) चन्द्रगुप्त

82. निम्नलिखित में से कौन मानव विकास सूचकांक का हिस्सा नहीं है?
(A) जीवन का स्तर (B) लम्बी उम्र
(C) शिक्षा (D) खुशी

83. पारिस्थितिकी में अध्ययन किया जाता है–
(A) पक्षी
(B) सेल के निर्माण का
(C) जीवों एवं पर्यावरण के बीच सम्बन्धों के अध्ययन का
(D) ऊतकों का

84. तीर्थयात्रियों के राजकुमार के रूप में प्रतिष्ठित ह्वेनत्सांग ने सम्राट................के शासनकाल के दौरान भारत का दौरा किया था।
(A) हर्ष (B) अशोक
(C) समुद्रगुप्त (D) विष्णुगुप्त

85. साइमन कमीशन की नियुक्ति किस वायसराय के कार्यकाल में हुई थी?
(A) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (B) लॉर्ड इरविन
(C) लॉर्ड वेलेजली (D) लॉर्ड वेलिंगटन

86. चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ............. के उत्तराधिकारी थे जो स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय महाराज्यपाल बने।
(A) लॉर्ड माउंटबेटन (B) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(C) लॉर्ड कर्जन (D) लॉर्ड वैलेस्ली

87. भारत की संसद में कितने प्रकार के विधेयक पारित किये जाते हैं–
(A) चार (B) दस
(C) आठ (D) नौ

88. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी–
(A) एनी बेसेंट (B) सोनिया गाँधी
(C) इंदिरा गाँधी (D) सरोजिनी नायडू

89. भारत सरकार की प्रथम पंचवर्षीय योजना की समय–अवधि थी–
(A) 1951–1956 (B) 1950–1955
(C) 1951–1955 (D) 1952–1957

90. नाम्ड्रोलिंग (Namdroling) मठ किस राज्य में स्थित है?
(A) कर्नाटक (B) सिक्किम
(C) महाराष्ट्र (D) बिहार

91. पल्लवों के अभिलेखों में कई स्थानीय सभाओं की चर्चा है। इनमें से एक था ब्राह्मण भू-स्वामियों का संगठन जिसे _____कहते थे।
(A) सभा (B) भ्रमण
(C) परिषद् (D) नौकायान

92. भारत के बीमा नियामक बैंड विकास प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ है?
(A) बेंगलुरु (B) हैदराबाद
(C) मुंबई (D) नई दिल्ली

93. राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल ........... को मनाया जाता है।
(A) 31 सितंबर (B) 31 अगस्त
(C) 31 अक्टूबर (D) 31 नवंबर

94. मुख्य भूमि भारत देशांतरों के बीच फैली हुई है ................।
(A) 58º7' पू. और 87º25' पू.
(B) 68º7' पू. और 97º25' पू.
(C) 48º7' पू. और 77º25' पू.
(D) 78º7' पू. और 107º25' पू.

95. पांडवों के शासन के दौरान ................ को 'इंद्रप्रस्थ' पुस्तक कहा जाता था।
(A) दिल्ली (B) आगरा
(C) कलकत्ता (D) जयपुर

96. किस गुप्त राजा को 'विक्रमादित्य' के नाम से जाना जाता है?
(A) चन्द्रगुप्त II (B) स्कंदगुप्त
(C) कुमारगुप्त (D) समुद्रगुप्त

97. आधुनिक भारत का कौन-सा स्थान काकतीय राजवंश से संबंधित है?
(A) मैसूर (B) औरंगाबाद
(C) मदुरै (D) बारंगल

98. भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी किसे माना जाता है?
(A) महान्यायवादी
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(C) सोलिसिटर जनरल
(D) कानून मन्त्री

99. स्वतन्त्रता पश्चात् भारत द्वारा किस आर्थिक मॉडल को अपनाया गया?
(A) बंद अर्थव्यवस्था
(B) समाजवादी अर्थव्यवस्था
(C) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(D) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

100. 'कुलीन प्रथा' निम्न में से किसके शासन काल से संबंधित थी ?
(A) पाल (B) प्रतिहार
(C) राष्ट्रकूट (D) सेन

101. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया था?
(A) 1848 (B) 1860
(C) 1852 (D) 1856

**102.** मंडल आयोग की सिफारिशों को किस सरकार ने लागू किया?
(A) बहुजन समाजवादी पार्टी
(B) कांग्रेस
(C) डीएमके
(D) जनता दल

**103.** कुतुबमीनार के पाँचवें तल का निर्माण निम्न में से किसके शासनकाल के दौरान किया गया था?
(A) इल्तुतमिश
(B) रजिया सुल्तान
(C) फिरोज शाह तुगलक
(D) मोहम्मद–बिन–तुगलक

**104.** मुहम्मद तुगलक ने अपने सैनिकों को भुगतान करने के लिए 'टोकन' मुद्रा का इस्तेमाल किया था, जो निम्न से बनी थी—
(A) अमूल्य सोना (B) चांदी
(C) काँस्य (D) सस्ती धातु

**105.** किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम की पालना में, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आय 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की गई है?
(A) 25वां संशोधन अधिनियम
(B) 45वां संशोधन अधिनियम
(C) 35वां संशोधन अधिनियम
(D) 15वां संशोधन अधिनियम

**106.** निम्नलिखित में से कौन भारत के प्रथम न्यायाधीश हैं?
(A) हरिलाल जेकिसुनदास कनिया
(B) मंडकोलथुर पतंजलि शास्त्री
(C) मुहम्मद हिदायतुल्लाह
(D) भुवनेश्वर प्रसाद सिन्हा

**107.** सूर्यवंशी गजपति राजवंश का संस्थापक कौन था जिसने 15वीं शताब्दी में ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों पर शासन किया ?
(A) भानु देव (B) वासु देव
(C) सुरेन्द्र देव (D) कपिलेंद्र देव

**108.** लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमंत्री
(C) पूर्व स्पीकर
(D) सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**109.** निम्नलिखित में से कौन संसद में पारित विधेयक की श्रेणी नहीं है?
(A) न्यायिक बिल (B) साधारण बिल
(C) वित्तीय बिल (D) धन विधेयक

**110.** मुगल सम्राट बाबर के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(A) जब वह सिंहासन पर बैठा तो उसकी उम्र 18 वर्ष थी।
(B) उसने फरगना के राज सिंहासन पर विजय प्राप्त की थी।
(C) उसने 1494 में राज सिंहासन प्राप्त किया था।
(D) वह पहला मुगल सम्राट था।

**111.** मुगलों को अपने तैमूर (तिमुरीद) राजवंश पर गर्व था। वे इसे किस प्रकार मनाया करते थे?
(A) सैनिकों को दिन समर्पित करके
(B) देश में छुट्टी के रूप में एक विशेष दिन घोषित करके
(C) प्रत्येक शासक को तैमूर और स्वयं का एक चित्र प्रदान करके
(D) घुड़दौड़ और निशानेबाजी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके

**112.** 1527 में खानवा के युद्ध में राणा सांगा को हराने के बाद निम्नलिखित में से किसने 'गाजी' की उपाधि धारण की ?
(A) बाबर (B) दौलत खान लोदी
(C) महमूद शाह प्रथम (D) हुमायूँ

**113.** राज्यसभा के उपसभापति का चुनाव किसके द्वारा किया जाता है?
(A) प्रत्यक्ष जनता
(B) राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य
(C) राज्यसभा के सदस्य
(D) राज्यसभा, लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के सदस्य

**114.** लोकसभा उम्मीदवार बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा क्या है?
(A) 45 वर्ष (B) 35 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 25 वर्ष

**115.** सन् ............. में, ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ प्रथम से एक चार्टर अर्थात् इजाजतनामा हासिल कर लिया, जिसने कंपनी को पूर्व से व्यापार करने का एकाधिकार दे दिया।
(A) 1610 (B) 1620
(C) 1580 (D) 1600

**116.** 18वीं शताब्दी में, अंग्रेजों ने मैसूर शासकों के साथ..........युद्ध लड़े।
(A) छह (B) तीन
(C) चार (D) दो

**117.** प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की हार का मुख्य कारण था—
(A) सेनापति मीर जाफर के नेतृत्व वाली सेना ने युद्ध में भाग नहीं लिया।
(B) सिराजुद्दौला के प्रधानमंत्री ने अंग्रेजों के स्थान की गलत सूचना दी।
(C) अंग्रेजों ने सिराजुद्दौला की सेना की खाद्य आपूर्ति बंद कर दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया।
(D) अंग्रेजों को सिराजुद्दौला के महल में प्रवेश करने का गुप्त रास्ता पता था।

**118.** पहला आंग्ल–मैसूर युद्ध किसके बीच लड़ा गया था?
(A) फर्रुखसियर और अंग्रेज
(B) हैदर अली और अंग्रेज
(C) सआदत अली खान और अंग्रेज
(D) टीपू सुल्तान और अंग्रेज

**119.** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी और बंगाल के नवाब के बीच प्लासी की लड़ाई कब लड़ी गई थी ?
(A) 1750 ई. (B) 1754 ई.
(C) 1757 ई. (D) 1761 ई.

**120.** लोकसभा के कितने सत्र अनिवार्य रूप से एक वर्ष में आयोजित किए जाते हैं?
(A) 3 (B) 2
(C) 5 (D) 4

**121.** भारतीय संसद के परिप्रेक्ष्य में 'शून्यकाल' किसे कहते हैं ?
(A) प्रश्नकाल के तुरन्त बाद का समय
(B) संसदीय कार्यवाही के पूर्वार्द्ध का समय
(C) संसदीय कार्यवाही के उत्तरार्द्ध का समय
(D) प्रश्नकाल से पहले का समय

**122.** जागोई और चोलोम निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली के दो प्रमुख भाग हैं ?
(A) कथक (B) सत्रिया
(C) मणिपुरी (D) ओडिसी

**123.** पारंपरिक 'पंखिड़ा' लोक गीत निम्नलिखित में से किस राज्य से सम्बन्धित है?
(A) छत्तीसगढ़ (B) कश्मीर
(C) ओडिशा (D) राजस्थान

**124.** राज्यसभा में बारह सदस्य किसके द्वारा मनोनीत किए जाते हैं ?
(A) प्रधानमंत्री (B) लोकसभा अध्यक्ष
(C) राष्ट्रपति (D) केन्द्रीय मंत्री

**125.** निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसमें राष्ट्रपति के भत्तों का उल्लेख किया है?
(A) अनुच्छेद 59(3) (B) अनुच्छेद 56
(C) अनुच्छेद 65 (D) अनुच्छेद 59(1)

**126.** ससेर मुजताग पर्वतमाला.................पर्वतमाला की पूर्वतम उपश्रेणी है।
(A) पश्चिमी घाट (B) पूर्वी घाट
(C) विंध्य (D) काराकोरम

**127.** खत्री शब्द का प्रयोग तमिलनाडु में निम्नलिखित में से किस मौसम के लिए किया जाता है?

(A) पतझड़ (B) सर्दी
(C) वसंत (D) गर्मी

**128.** निम्नलिखित में से किसे मानसून वन के रूप में जाना जाता है?
(A) उष्णकटिबन्धीय कांटेदार वन
(B) तटीय वन
(C) उष्णकटिंबन्धीय सदाबहार वन
(D) उष्णकटिबन्धीय झड़ने वाले वन

**129.** ..............मृदा को बांगर और खादर में विभाजित किया गया है।
(A) लाल (B) लैटेराइट
(C) जलोढ़ (D) काली

**130.** ........... सबसे बड़ा मैंगनीज अयस्क उत्पादन करने वाला भारत का राज्य है।
(A) राजस्थान (B) ओडिशा
(C) झारखण्ड (D) कर्नाटक

**131.** भारतीय संविधान का .................... मौलिक अधिकारों के बारे में बात करता है।
(A) भाग I (B) भाग III
(C) भाग IV (D) भाग VI

**132.** ज्वारीय ऊर्जा..........के माध्यम से प्राप्त ऊर्जा है।
(A) बायोमास (B) महासागरीय ज्वार
(C) सूरज की रोशनी (D) हवा

**133.** भारतीय संविधान की 'कैबिनेट प्रणाली' की विशेषता.........के संविधान से उधार ली गई है।
(A) कनाडा
(B) ब्रिटेन
(C) जापान
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**134.** भारत में पहली सूती कपड़ा मिल कहाँ स्थापित हुई थी?
(A) बम्बई (B) पंजाब
(C) हैदराबाद (D) मद्रास

**135.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर हल्दिया बंदरगाह स्थित है?
(A) गोवा
(B) गुजरात
(C) पश्चिम बंगाल
(D) उक्त में से कोई नहीं

**136.** भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित है ?
(A) अनुच्छेद 75 (B) अनुच्छेद 70
(C) अनुच्छेद 54 (D) अनुच्छेद 65

**137.** भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद निर्वाचनों के अधिक्षण, निदेशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होने से संबंधित है ?
(A) 324 (B) 318
(C) 322 (D) 320

**138.** निम्नलिखित में से कौन-से कारक किसी स्थान की जनसंख्या को प्रभावित करते हैं ?
I. जलवायु
II. आधारभूत सुविधाएँ
III. स्वास्थ्य सेवाएँ
(A) III तथा I (B) I, II तथा III
(C) II तथा III (D) I तथा II

**139.** भारत और श्रीलंका ........ बनाते टापुओं के एक समूह से जुड़े हुए हैं।
(A) सिसेरी नदी सेतु (B) भूपेन हजारिका सेतु
(C) शरवती ब्रिज (D) रामसेतु

**140.** जेलेप ला दर्रा किस राज्य में स्थित है?
(A) सिक्किम (B) उत्तराखण्ड
(C) जम्मू और कश्मीर (D) हिमाचल प्रदेश

**141.** भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची ..... से सम्बन्धित है।
(A) राज्यसभा में स्थानों का आवंटन
(B) शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप
(C) दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबंध
(D) भाषाएँ

**142.** फोबोस और डीमोस हैं–
(A) मंगल के दो चंद्रमा
(B) बृहस्पति के दो चंद्रमा
(C) शुक्र के दो चंद्रमा
(D) बुध के दो चंद्रमा

**143.** प्राइम मेरिडियन की डिग्री माप है–
(A) $90^0$ (B) $180^0$
(C) $0^0$ (D) $360^0$

**144.** अनुच्छेद–प्रावधान का कौन–सा युग्म सही है ?
I. अनुच्छेद 40–ग्राम पंचायतों का संगठन
II. अनुच्छेद 25–धर्म धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता
(A) न तो I न ही II (B) केवल I
(C) I तथा II दोनों (D) केवल II

**145.** हिन्द महासागर का सबसे गहरा बिन्दु निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) डॉर्ड्रेक्ट डीप (B) जावा ट्रेन्च
(C) मकरान ट्रेन्च (D) डायनामेंटिया ट्रेन्च

**146.** 'साइक्लोन' (चक्रवात) शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द साइक्लोस से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ है?
(A) अग्नि कुंडल (B) पत्थर का कुंडल
(C) हिम के कुंडल (D) सांप के कुंडल

**147.** भारतीय संविधान का .......... संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है।
(A) अनुच्छेद 235 (B) अनुच्छेद 239
(C) अनुच्छेद 233 (D) अनुच्छेद 234

**148.** निम्नलिखित में से विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
(A) बैकाल (B) विक्टोरिया
(C) कैस्पियन (D) टिटिकाका

**149.** भारतीय संविधान के हस्ताक्षरकर्ताओं की कुल संख्या कितनी थी ?
(A) 264 (B) 256
(C) 272 (D) 284

**150.** अपिया किस देश की राजधानी है?
(A) समोआ (B) फिनलैंड
(C) एस्टोनिया (D) साइप्रस

❑❑

# प्रैक्टिस सेट-1

## व्याख्यात्मक हल

### सामान्य अध्ययन

1. (A) • सती प्रथा का प्रथम अभिलेखिक साक्ष्य एरण से प्राप्त हुआ है। भानुगुप्त (510 ईस्वी) के एरण शिलालेख में एक युद्ध में गोपराज की मृत्यु का उल्लेख है। इसमें गोपराज के दाह संस्कार के साथ-साथ उनकी पत्नी के चिता पर लेट जाने का भी उल्लेख है। शेलत के अनुसार, यह सती के सबसे पुराने प्रलेखित सदस्यों में से एक है।
   - मंदसौर शिलालेख, हमें यशोधर्मन (6वीं शताब्दी की शुरुआत) और कुमारगुप्त (5वीं शताब्दी) के काल के बारे में ऐतिहासिक विवरण प्रदान करता है। गुप्त काल की ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानने के लिए यह एक महत्वपूर्ण शिलालेख है। यह शिलालेख मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के मालवा क्षेत्र में पाया जाता है।
   - रुद्रदामन का जूनागढ़ शिलालेख, जिसे रुद्रदामन के गिरनार शिलालेख के रूप में भी जाना जाता है, एक संस्कृत गद्य शिलालेख है, जिसे पश्चिमी क्षत्रप सम्राट रुद्रदामन प्रथम द्वारा एक चट्टान पर निर्मित कराया गया था। यह शिलालेख 150 ई. के बाद के काल का है। इसमें कहा गया है कि चंद्रगुप्त मौर्य के गवर्नरों में से एक पुष्यगुप्त, काठियावाड़ में गिरनार के पास सुदर्शन झील पर एक बाँध बनवाया था।

2. (C) ऋग्वेद में कई परिच्छदों में प्रयुक्त अघन्य शब्द गाय के लिए सदंर्भित है। इस शब्द का अर्थ न मारने योग्य होता है।

3. (A) कर्पूरमंजरी – हर्ष सुमेलित नहीं है क्योंकि इस पुस्तक के लेखक राजशेखर थे सही सुमेल इस प्रकार है—
   (A) नागानंद, रत्नावली, प्रियदर्शिका- हर्ष
   (B) मालविकाग्निमित्र - कालिदास
   (C) मुद्राराक्षस - विशाखदत्त
   (D) बुद्धचरित, सूत्रालंकार, सोन्दरानन्द - अश्वघोष

4. (C) • प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से एलोरा का कैलाश मन्दिर एक शैलकृत्त स्थापत्य का उदाहरण है। यह एक शैल चित्र मंदिर परिसर है, जो एलोरा गुफाओं (गुफा संख्या-16) में भगवान शिव को समर्पित है। यह राष्ट्रकूट राजा कृष्ण प्रथम (8वीं शताब्दी) के संरक्षण में विकसित किया गया था और इसे एकाश्म, अर्थात् मोनोलिथ चट्टान से बनाया गया था। कैलाश मंदिर की दीवार पर एक मूर्ति भी है जिसमें रावण को कैलाश पर्वत को हिलाते हुए दर्शाया गया है। इसे भारतीय मूर्तिकला की उत्कृष्ट कृतियों में से एक माना जाता है।
   - श्री बृहदेश्वर मंदिर तमिलनाडु राज्य के तंजावुर में स्थित कई प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इसे पेरुवुदैयार कोयिल के नाम से भी जाना जाता है। यह विश्व के सबसे बड़े एवं भव्य मंदिरों में से एक है, इस मंदिर का निर्माण चोल सम्राट राजाराज प्रथम द्वारा 1003 ईस्वी से 1010 ईस्वी के मध्य कराया गया था। उनके नाम पर ही इसे राजराजेश्वर मंदिर भी कहा जाता है।
   - जगन्नाथ मन्दिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश के राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था। जगन्नाथ पुरी मंदिर को 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पुरी में भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई है। इस मंदिर को 'सफेद पैगोडा' कहा जाता था और यह चारधाम तीर्थयात्रा (बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वरम) का एक हिस्सा है।

5. (D) • दार्शनिक और दर्शनों का सही सुमेल इस प्रकार है—
   - अद्वैतवाद, जिनके मुख्य प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं।
     शुद्धद्वैत वल्लभाचार्य
   - विशिष्टाद्वैतवाद, जिनके मुख्य प्रवर्तक स्वामी रामानुजाचार्य हैं।
   - द्वैतवाद, जिनके मुख्य प्रवर्तक माध्वाचार्य हैं।
   - द्वैताद्वैतवाद, जिनके मुख्य प्रवर्तक निम्बकाचार्य या निम्बार्क हैं।
   - शुरुआत में 'वेदांत' शब्द का इस्तेमाल उपनिषदों के लिए हुआ था, क्योंकि उपनिषद् वेदों के अंत में आते हैं, लेकिन बाद में उपनिषदों के ही सिद्धांतों को आधार मानकर जिन विचारों का विकास हुआ, उनके लिए भी 'वेदांत' शब्द का इस्तेमाल किया जाने लगा।

6. (B) • सहायक संधि को लार्ड वेलेजली ने अपने शासन काल में क्रियान्वित किया था। वेलेजली ने अपने कार्यकाल 1798-1805 के दौरान इसका प्रयोग अंग्रेजी सत्ता की श्रेष्ठता स्थापित करने तथा फ्रांसीसियों के भय को समाप्त करने के उद्देश्य से किया था इस मैत्री संधि के तहत् भारतीय राजाओं के वैदेशिक सम्बन्ध कम्पनी तय करेगी और देशी नरेश कम्पनी की सेना तथा ब्रिटिश रेजीडेंट रखते थे व इन सबके बदले एक निश्चित रकम कम्पनी को देते थे। कंपनी राज्य की बाहरी शत्रुओं से तो रक्षा करेगी, परंतु राज्य के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगी।
   - सबसे पहले यह संधि हैदराबाद के निजाम के साथ 1798 ई. में की गई। फिर, मैसूर (1799), अवध (1801), पेशवा, (1802) भोंसले, (1803) सिंधिया, (1804) जोधपुर, जयपुर, बूँदी तथा भरतपुर के साथ की गई। इस संधि से भारतीय राज्यों की स्वतंत्रता समाप्त हो गई, आर्थिक बोझ बढ़ गया तथा वो अंग्रेजों की दया पर आश्रित हो गए। परंतु, अंग्रेजों को इससे अत्यधिक लाभ हुआ। सहायक संधि का सर्वप्रथम प्रयोग फ्रेंच गर्वनर डूप्ले ने किया था।

7. (C) ज्योतिबा फुले जाति–विरोधी आंदोलन से सम्बन्धित थे। यह एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थे जिन्होंने वर्ष 1873 में पुणे

(वर्तमान महाराष्ट्र) में सत्य शोधक समाज की स्थापना की थी। उन्होंने दलित समाज की व्यथा को उजागर करने वाली एक पुस्तक "जूठन" का लेखन भी किया था। गुलामगिरी इनकी प्रसिद्ध पुस्तक है।

**8.** (C) डेक्कन एजुकेशनल सोसाइटी की स्थापना 1880 में न्यू इंग्लिश स्कूल के प्रारम्भ के साथ पुणे में की गई थी। इस संस्था के संस्थापक बी.जी तिलक, वी.के. चिपुंलकर तथा एम.बी. नाम जोशी था। जस्टिम रानाडे इस सोसाइटी के संस्थापक सदस्य नहीं बल्कि इसके पाँच संरक्षकों में से एक थे। महादेव गोविन्द रानाडे पश्चिमी भारत के अग्रणी सुधारक थे। वे विधवा पुनर्विवाह संघ के संस्थापकों में से थे। 1887 में इन्होंने इण्डियन नेशनल सोशल कॉन्फ्रेन्स की स्थापना की थी। इन्हीं के प्रयासों से पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना हुई थी।

**9.** (B)
- दक्षिण भारत के भगवान रंगनाथ (जिन्हें भगवान वेंकटेश भी कहते हैं), का मंदिर तिरुमल्ला पहाड़ी पर स्थित है। तिरुपति वेंकटेश्वर मन्दिर तिरुपति में स्थित एक प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थ स्थल है, जो आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर का इतिहास 9वीं शताब्दी से प्रारंभ होता है जब काँचीपुरम के शासक पल्लवों ने इस स्थान पर अपना आधिपत्य स्थापित किया था।

**10.** (B)
- प्रश्न में दिए गए औद्योगिक क्षेत्र और सम्बन्धित स्थान का मिलान निम्नवत् है—
  - कोलकाता-हुगली क्षेत्र— टीटागढ़
  - छोटा नागपुर क्षेत्र
  - मुम्बई-पुणे क्षेत्र—अम्बरनाथ
  - अहमदाबाद-बड़ौदा क्षेत्र—भरुच

**11.** (B)
- भारत के पूर्वी तट पर स्थित सबसे बड़ी लैगून झील चिल्का है।
- पुलीकट झील तमिलनाडु के तट पर 60 किलोमीटर लम्बी झील है।
- कुलेरू झील भारत की ताजे पानी की सबसे बड़ी झीलों में से एक है जो आन्ध्र प्रदेश राज्य में स्थित है।
- किलीवेली झील भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित है।

**12.** (C) उपर्युक्त झील की अवस्थिति इस प्रकार है—

| झील | राज्य |
|---|---|
| फूलहर झील | – उत्तर प्रदेश |
| कोलेरू झील | – आन्ध्र प्रदेश |
| अंचार झील | – जम्मू एवं कश्मीर |
| हमीरसर झील | – गुजरात |

**13.** (A)
- सतलज नदी का उद्गम तिब्बत के मानसरोवर झील के समीप स्थित राकस ताल से है।
- यह शिवालिक पर्वत शृंखला को काटती हुई पंजाब में प्रवेश करती है। इसका पौराणिक नाम शतुद्रि है।
- रावी नदी का उद्गम चम्बा (हिमाचल प्रदेश) में है।
- चेनाब नदी हिमाचल के बरालाचा ला दर्रे के समीप से निकलती है।
- व्यास नदी हिमाचल के रोहतांग दर्रे के पास से निकलती है।

**14.** (C)
- काली मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयुक्त होती है। इसे 'रेगुर' भी कहा जाता है।
- इसका निर्माण ज्वालामुखी विस्फोट से हुआ है। उसमें चूना, लोहा, मैग्नीशियम आदि तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। परन्तु जैविक तत्व तथा फॉस्फोरस व नाइट्रोजन का अभाव होता है।
- ये काली मृदाएँ महाराष्ट्र, भारत के मध्य क्षेत्र से दक्षिणी क्षेत्रों में प्रायः पाई जाती हैं। काली मृदा भारत की दूसरी बड़ी मृदा है। यह 5.46 लाख वर्ग किमी में विस्तृत है।

**15.** (A)
- भारत में उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन बहुतायत में पाये जाते हैं। ये वन भारत के 100 से 200 सेमी. वर्षा वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- ये वन गर्मी के प्रारम्भ में ही अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं। इसलिए इन्हें पतझड़ वाले या मानसूनी वन भी कहते हैं।
- ये वृक्ष अधिक लम्बे एवं सघन नहीं होते। इन वनों में साल, सागवन, शीशम, चंदन, आम, साखू, हरड़, बहेड़ा पाये जाते हैं।
- इस प्रकार के वनों का विस्तार हिमालय के गिरिपद, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में है।
- सम्पूर्ण सागवान क्षेत्र का 50% हिस्सा मध्य प्रदेश में पाया जाता है।

**16.** (A) चिपको आंदोलन तत्कालीन उत्तर प्रदेश के चमोली जिले में सन् 1973 में हुआ। किसानों द्वारा वृक्षों की कटाई का विरोध करने हेतु इस आंदोलन की शुरुआत की गई।

**17.** (B) आम वर्षा को मानसून के पूर्व की वर्षा सामान्य रूप से कर्नाटक और केरल में होती है, के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह वर्षा मानसून के आगमन से पहले होती है और आम के पेड़ों के फलने में मदद करती है।
- आम वर्षा को अंग्रेजी में mango showers कहा जाता है।
- यह वर्षा आमतौर पर अप्रैल और मई के महीनों में होती है।
- यह कर्नाटक और केरल राज्यों में सबसे अधिक होती है।

**18.** (A) पन्ना की खान जोकि मध्य प्रदेश में उपस्थित है, को हीरे की खानों के लिये जाना जाता है। यह पन्ना जिला में स्थित है। इसका विस्तार लगभग 410 मीटर तक है।

**19.** (B) भारतीय राज्य जो सोयाबीन का सबसे बड़ा उत्पादक है वह मध्य प्रदेश है।
- मध्य प्रदेश मध्य भारत में स्थित एक राज्य है जिसकी राजधानी भोपाल है।
- यह राज्य अपने कृषि उत्पादन के लिए जाना जाता है, सोयाबीन इसकी प्रमुख फसलों में से एक है।
- भारत में कुल सोयाबीन उत्पादन में राज्य का हिस्सा 50% से अधिक है।
- भारत में अन्य प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों में महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

**20.** (D) नील नदी को मिस्र देश की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है।
- नील दुनिया की सबसे लंबी नदी है। नदी का अधिकांश भाग मिस्र में प्रवाहित होता है।
- यह पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्र में दक्षिण से उत्तर की ओर बहती है।
- यह कृषि, मछली पकड़ने का स्रोत है और देश में परिवहन की सुविधा भी प्रदान करती है।
- यह विक्टोरिया झील के पास शुरू होती है और भूमध्य सागर (मिस्र) में मिलती है।
- यह पूर्वी सहारा क्षेत्र के देशों के लिए एक जीवन रेखा है।

**21.** (D) जीवाणु और कवक जीव समूह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक होता है।
- ये सूक्ष्मजीव डीकंपोजर के रूप में कार्य करते हैं क्योंकि वे मृत और सड़ने वाले जीवों को सरल पोषक तत्त्वों में तोड़ देते हैं जो मिट्टी को उर्वरता प्रदान करते हैं।
- ये पोषक तत्त्व प्रकाश संश्लेषण के दौरान पौधों द्वारा अवशोषित होते हैं।
- जीवाणु और कवक जीव समूह को प्राकृतिक स्वच्छक के रूप में कार्य करते

हैं तथा ये पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में मदद करते हैं।

**22.** (D) क्योटो प्रोटोकॉल एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जिसका उद्देश्य ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करके ग्लोबल वार्मिंग द्वारा हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोकना है।
- क्योटो प्रोटोकॉल को क्योटो, जापान में 11 दिसंबर, 1997 को अपनाया गया था और 16 फरवरी, 2005 को लागू हुआ था।
- वर्तमान में 192 पार्टियाँ इस प्रोटोकॉल में हैं। दिसम्बर, 2012 में कनाडा इस प्रोटोकॉल से हट गया।

**23.** (C) संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार बी.एन. राव थे, जिन्होंने संविधान का प्रारूप तैयार किया था। इसी प्रारूप पर चर्चा के लिए प्रारूप समिति गठित की गई थी। कैबिनेट मिशन के तहत संविधान सभा का चुनाव हुआ था, जिसकी प्रथम बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई।

**24.** (C) अनुच्छेद-324 के अन्तर्गत संसद, राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति व राज्य विधानमण्डल के पदों के निर्वाचन के संचालन, निर्देशन व नियन्त्रण की जिम्मेदारी केन्द्रीय चुनाव आयोग की है। चुनाव आयोग एक अखिल भारतीय संस्था है, क्योंकि यह केन्द्र व राज्य सरकार दोनों के लिए समान है। राज्यों में होने वाले पंचायतों व निगम चुनावों के लिए भारत के संविधान में अलग राज्य-निर्वाचन आयोगों की व्यवस्था की गई है।

**25.** (B) योजना आयोग का गठन 1947 में पण्डित नेहरू की अध्यक्षता में गठित आर्थिक नियोजन समिति की सिफारिशों के आधार पर 15 मार्च, 1950 को किया गया था। यह एक गैर-सांविधिक एवं परामर्शदाती संस्था है, जिसके पादेन अध्यक्ष प्रधानमन्त्री होते हैं। यह भारत में पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने में भूमिका निभाती है। वर्तमान में नीति आयोग ने इसका स्थान ले लिया है।

**26.** (C) भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषता इसका मिश्रित अर्थव्यवस्था होना है। मिश्रित अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था होती है जिसमें सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों की उपस्थिति पाई जाती है, अर्थात् दोनों में सह-अस्तित्व पाया जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद उपनिवेशवाद के चुंगल से निकले दुनिया के कई देशों ने मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया। इनमें भारत, मलेशिया एवं इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं।

**27.** (C)
- महात्मा गाँधी नरेगा सम्बन्धी विधेयक, 2005 में संसद द्वारा पारित हुआ। इसकी शुरुआत 2 फरवरी, 2006 को आन्ध्र प्रदेश के वान्दावली जिले के अनन्तपुर गाँव से हुई। इसका नाम 2 अक्टूबर, 2009 को परिवर्तित करके मनरेगा महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना कर दिया गया। इस योजना में प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का रोजगार उपल्बध कराया जाता है।
- जनश्री बीमा योजना को सन् 2000 में जारी किया गया था, जिसमें मुख्य रूप से उन लोगों को कवरेज प्रदान की जाती है, जो गरीबी रेखा के नीचे या फिर थोड़ा–बहुत ऊपर हैं।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एक ग्रामीण भारत के ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम है। यह योजना 12 अप्रैल 2005 को शुरू की गयी।
- आम आदमी बीमा योजना एक सामाजिक सुरक्षा योजना है जिसे 2 अक्टूबर, 2007 को शुरू किया गया था। यह निर्दिष्ट समूहों से सम्बन्धित व्यक्तियों को एक समूह बीमा कवर प्रदान करता है।

**28.** (D) भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण योजना आयोग (अब नीति आयोग) करता है। नीति आयोग के त्रिवर्षीय ऐक्शन एजेण्डा में सभी आयामों में गरीबी निवारण का लक्ष्य रखा गया है।

नीति आयोग योजना, आयोग की जगह पर 1 जनवरी, 2015 से स्थापित गैर-संवैधानिक संस्थान है। यह संस्थान सरकार के थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है तथा सरकार को निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करता है। यह केन्द्र और राज्य के मध्य एक सेतु का कार्य करता है तथा तकनीकी परामर्श देता है।

**29.** (B) प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रेगनर नर्क्स ने 'निर्धनता का दुश्चक्र' सिद्धान्त प्रस्तुत किया था। इसके अनुसार, अल्प- विकसित देश गरीबी के दुश्चक्र में रहते हैं, जिसमें गरीबी और गरीबों को जन्म देती है तथा बढ़ावा देती है। इस कारण से देश हमेशा गरीबी में फँसे रहते हैं।

**30.** (C)
- पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (PM स्वनिधि) को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 01 जून, 2020 को स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिए किफायती कार्यशील पूँजी (ऋण) प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था, जो कोविड –19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।
- योजना के तहत रेहड़ी–पटरी, खोमचे वाले समेत तमाम स्ट्रीट वेंडर्स पहली बार में ₹ 10,000 तक का कर्ज प्राप्त कर सकते हैं। पहले के कर्ज के भुगतान पर वे दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः ₹ 20,000 और ₹ 50,000 लोन के तौर पर ले सकते हैं।

**31.** (B) राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान नोएडा में स्थित है। यह संस्थान उद्यमशीलता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, परामर्श, अनुसंधान आदि में कार्यरत्। इस संस्थान की प्रमुख गतिविधियों में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, प्रबन्धन विकास कार्यक्रम, उद्यमशीलता-सह-कौशल विकास कार्यक्रम, उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम और क्लस्टर हस्तक्षेप शामिल हैं। यह संस्थान विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में आईटीईसी राष्ट्र प्रतिभागियों के लिए सक्रिय रूप से अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रदान का रहा है। यह संस्थान वर्ष 2007-08 से वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर है।

**32.** (B)
- प्रश्न में दिये गए विकल्पों में से SEBI (Securities and Exchange Board of India Act), भारत के शेयर बाजार के कार्य को नियंत्रित करता है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम (Securities and Exchange Board of India), 1992 के प्रावधानों के तहत 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित यह संस्था एक वैधानिक निकाय है। इस संस्था के मूल कार्यों में प्रतिभूतियों (सिक्योरिटीज) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण, प्रतिभूति बाजार (सिक्योरिटीज मार्केट) के विकास का उन्नयन करना तथा उसे विनियमित करना और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों का प्रावधान करना शामिल है।
- आर्थिक सुधारों तथा उदारीकृत परिदृश्य के प्रकाश में फेरा को एक नए अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था, इसी

को विदेशी मुद्रा प्रबन्धन अधिनियम (फेमा) 1999 कहा जाता है। यह अधिनियम भारत में निवासी किसी व्यक्ति के स्वामित्वाधीन या नियंत्रण में रहने वाली भारत के बाहर की सभी शाखाओं, कार्यालयों तथा प्राधिकरणों पर लागू होता है। इसके तहत किसी व्यक्ति को सिविल कारावास का दंड तभी दिया जा सकता है यदि वह नोटिस मिलने की तिथि से 90 दिन के भीतर निर्धारित अर्थदंड का भुगतान न करे परन्तु यह दंड भी उसे कारण बताओ नोटिस तथा वैयक्तिक सुनवाई की औपचारिकताओं के पश्चात् ही दिया जा सकता है।

- आर्थिक शक्ति के संकेंद्रण को रोकने, प्रतिबंधात्मक या अनुचित व्यापार पद्धतियों पर रोक लगाने और एकाधिकारों पर नियंत्रण करने के लिए 1969 में (MRTP) एक्ट पास किया गया। इसका पूरा नाम एकाधिकार एवं प्रतिबंधित व्यापार पद्धतियाँ अधिनियम हैं।

**33.** (D)
- भारत 1947 में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का सदस्य बना था। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की अभिकल्पना जुलाई 1944 में संयुक्त राज्य के 'न्यू हैम्पशायर' में संयुक्त राष्ट्र के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 189 सदस्य देशों का एक संगठन है जिनमें से प्रत्येक देश का इसके वित्तीय महत्व के अनुपात में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यकारी बोर्ड में प्रतिनिधित्व है। इस प्रकार वैश्विक अर्थव्यवस्था में जो देश अधिक शक्तिशाली है, उस देश के पास अधिक मताधिकार है।
- वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देना, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सतत् आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देना तथा दुनिया भर में गरीबी को कम करना इसके उद्देश्य हैं।

**34.** (A) आस्कर लुईस द्वारा 'गरीबी की संस्कृति' का विचार प्रस्तुत किया गया था। ऑस्कर लुईस एक अमेरिकी मानवविज्ञानी थे। उन्हें स्लम वासियों के जीवन के ज्वलंत चित्रण और उनके इस तर्क के लिए जाना जाता है कि गरीबी की एक क्रॉस– जेनरेशनल संस्कृति राष्ट्रीय सीमाओं को पार करती है। लुईस ने कहा कि सांस्कृतिक समानताएँ इसलिए हुईं क्योंकि वे "सामान्य समस्याओं के लिए सामान्य अनुकूलन" थीं और यह कि "गरीबी की संस्कृति एक वर्ग–स्तरीकृत, अत्यधिक व्यक्तिवादी, पूँजीवादी समाज में गरीब वर्गों की उनके प्रति अनुकूलन और प्रतिक्रिया है।

**35.** (A)
- रिंगलमैन स्केल का प्रयोग धुआँ मापन में होता है।
- यह धुएँ के आभासी घनत्व को मापने के लिए एक पैमाना है।
- इसे एक फ्रांसीसी प्रोफेसर मैक्सिमिलियन रिंगेलमैन द्वारा 1888 में विकसित किया गया था।
- इनकी खोज रिंगेलमैन प्रभाव के रूप में जानी जाती है।

**36.** (B) प्रकाश का वेग $3 \times 10^8$ मी/से. होता है जो कि अधिकतम वेग है। पराध्वनिक तरंग का वेग -1440 मी/से. तथा इलेक्ट्रॉन का 2200 किमी/से. होगा।

**37.** (B)
- प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से कैल्शियम कार्बाइड ($CaC_2$) वह रसायन है जो फल पकाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। ध्यान रहे कि एसीटीलीन गैस भी फलों को पकाने के काम आती है।

**38.** (C) पदार्थ तथा उनके अनुपयोग का सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| नीला थोथा | – | कवकनाशी |
| इओसिन | – | लाल स्याही |
| सिल्वर आयोडाइड | – | कृत्रिम वर्षा |
| जिंक फॉस्फाइड | – | कृन्तकनाशी (रोडेन्टनाशी) |

**39.** (D) एंजाइम एक तरह के प्रोटीन होते हैं, जो कोशिकाओं के अंदर पाया जाता है। एंजाइम मानव शरीर में रासायनिक प्रतिक्रियाओं को तेज करने में मदद करते हैं। एंजाइम भोजन को पचाने, माँसपेशियों के बनने और शरीर में विषाक्त पदार्थों को खत्म करने के साथ शरीर की अनेक क्रियाओं को करने के लिए आवश्यक होते हैं।

हार्मोन या ग्रन्थिरस या अंतःस्राव जटिल कार्बनिक पदार्थ हैं, जो सजीवों में होने वाली विभिन्न जैव-रसायनिक क्रियाओं वृद्धि एवं विकास, प्रजनन आदि का नियमन तथा नियंत्रण करता है। ये कोशिकाओं तथा ग्रन्थियों से स्रावित होते हैं।

- प्रोटीन जटिल कार्बनिक पदार्थ होते हैं।
- विटामिन शरीर में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो ऊर्जा नहीं देते, किन्तु शरीर की क्रियाओं के लिए अति आवश्यक होते हैं। विटामिन भोजन से प्राप्त होते हैं। सही मिलान इस प्रकार है।

विटामिन—कैरोटीन
एंजाइम—पेप्सिन
हार्मोन—प्रोजेस्टेरोन
प्रोटीन—केराटिन

**40.** (C) अग्न्याशय मानव शरीर की वह ग्रंथि है, जो अन्तःस्रावी तथा बहि-स्रावी दोनों ही प्रकार की है। यह ग्रंथि अन्तःस्रावी इसलिए है क्योंकि यह कई पदार्थों का स्रावण सीधे रक्त में करती है और बहि-स्रावी इसलिए क्योंकि यह पित्त (Bile Juice) तथा अग्न्याशयी रस (Pancreatic Juice) का स्रावण नलिकाओं के माध्यम से करती है।

**41.** (B) मलेरिया रोग में प्रभावी दवा 'कुनैन' का निष्कर्षण सिनकोना वृक्ष की छाल से किया जाता है। यह एक अनावृत्त बीजी पौधा है। मलेरिया रोग एनाफिलीज (मादा) मच्छर के काटने से फैलता है। यह एक प्रोटोजोआ है, इसका जन्तु वैज्ञानिक नाम प्लाज्मोडियम है। सिनकोना वृक्ष विश्व में इण्डोनेशिया में सर्वाधिक पाए जाते हैं।

**42.** (B) तिलचट्टे का रक्त सफेद होता है। तिलचट्टा कीट वर्ग का एक सर्वाहारी, रात्रिचर प्राणी है जो अंधेरे में, गर्म स्थानों में, जैसे रसोईघर, गोदाम, अनाज और कागज के भंडारों में पाया जाता है। इसके शरीर में श्वसन रंध्र पाये जाते हैं। तिलचट्टे में दस जोड़े श्वासरंध्र होते हैं, दो वक्ष में और आठ उदर में।


**43.** (D) लौंग मटेंसी कुल के यूजीनिया कैरियोफाइलेटा नामक मध्यम कद वाले सदाबहार वृक्ष की सूखी हुई पुष्प कलिका है। लौंग को इसके सुरुचिकर स्वाद गरम प्रकृति के कारण भोजन में मसाले के रूप में इसका प्रयोग किया जाता है। सूखी पुष्प कलिकाओं के वाष्प आसवन से प्राप्त वाष्पशील तेल के मुख्य अवयव यूजीनॉल (79-90%), यूजीनॉल एसिटेट तथा कैरियोकिलीन है। यह तेल जीव वैज्ञानिक अध्ययनों में निर्मलक (clearing agent) व स्थापना माध्यम (Mounting medium) के रूप में प्रयोग किया जाता है। भारत में तमिलनाडु व केरल इसके शीर्ष उत्पादक राज्य हैं।

**44.** (D)
- सल्फोनामाइड एक कार्यात्मक समूह (एक अणु का एक हिस्सा) है जो दवाओं के कई समूहों का आधार है, जिन्हें सल्फोनामाइड्स सल्फा ड्रग्स या सल्फा ड्रग्स कहा जाता है। मूल जीवाणुरोधी सल्फोनामाइड सिंथेटिक (गैर–एंटीबायोटिक) रोगाणुरोधी एजेंट होते हैं जिनमें सल्फोनामाइड समूह होता है।


**45.** (B) एक कृत्रिम उपग्रह में विद्युत उर्जा का स्रोत सौर सेल है। कृत्रिम उपग्रह अन्तरिक्ष में पृथ्वी की ध्रुवीय कक्षा में तथा भू-स्थिर कक्षा में स्थापित किए जाते हैं। इन उपग्रहों की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए इनमें विशाल सौर पैनल लगाए जाते हैं, जिनसे सौर सेल चार्ज होकर उपग्रह को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**46.** (B)
- कम्प्यूटर की स्थायी स्मृति को ROM (Read Only Memory) कहते हैं। ROM का उपयोग डेटा को स्टोर करने में किया जाता है। इसमें जो डाटा स्टोर रहता है, वह मशीन या कम्प्यूटर द्वारा सिर्फ पढ़ा जा सकता है, लेकिन परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।
- RAM का उपयोग मशीन या कम्प्यूटर को डाटा उपयोग में लाने की सीधी अनुमति देता है जिससे कम्प्यूटर में उपस्थित प्रोग्राम या एप्लीकेशंस आसानी से तथा शीघ्रता से कार्य करती है। यही कारण है कि किसी मोबाइल या कम्प्यूटर में जितनी ज्यादा रैम होती है, वह उतना ही तेज कार्य करता है।
- CPU का पूरा नाम सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट है। इसे प्रोसेसर या माइक्रोप्रोसेसर भी कहा जाता है। यह पीसी से जुड़े विभिन्न उपकरणों को नियंत्रित करता है। यह कम्प्यूटर द्वारा प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करता है।
- CD-Rom का मतलब कॉम्पैक्ट डिस्क रीड ओनली मेमोरी होता है, इसका उपयोग विशेष रूप से ऑडियो CD और कम्प्यूटर गेम्स को बनाने के लिए किया जाता है। कम्प्यूटर यूजर डिस्क से डाटा और म्यूजिक को केवल पढ़ सकते हैं, लेकिन इसे डिस्क पर अपनी डाटा को बर्न नहीं कर सकते हैं।

**47.** (D)




यदि (मिनट) पूर्व को उत्तर कहा जाये



तो घण्टे उत्तर–पश्चिम को दक्षिण–पश्चिम कहा जायेगा।

**48.** (D) AB : BE :: C J : ?

1 2 → 2 5 ; (3) 10

$(1)^2+1$ ; $(2)^2+1$ ; $(3)^2+1$

जिस प्रकार,

$(1)^2 + 1 = 2$

$(2)^2 + 1 = 5$

$(3)^2 + 1 = 10$

विकल्प से,

4 17

D Q

$(4)^2+1$

$(4)^2 + 1 = 17.$

**49.** (D) अगर अक्षर व्यंजन हैं तो उसका स्थानीय मान लिया गया है और अगर अक्षर स्वर है तो उसके विपरीत वाले अक्षर का स्थानीय मान लिया गया है और फिर सभी संख्याओं को जोड़ा गया है।

जिस प्रकार,

| | C | O | N | C | I | S | E |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| स्थानीय | 3 | 15 | 14 | 3 | 9 | 19 | 5 |
| मान | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| विपरीत मान | 3 | 12 | 14 | 3 | 18 | 19 | 22 |


$\Rightarrow 3+12+14+3+18+19+22=91$


उसी प्रकार,

| | I | D | E | A | L | I | S | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| स्थानीय | 9 | 4 | 5 | 1 | 12 | 9 | 19 | 13 |
| मान | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| विपरीत मान | 18 | 4 | 22 | 26 | 12 | 18 | 19 | 13 |

$\Rightarrow 18 + 4 + 22 + 26 + 12 + 18 + 19 + 13 = 132$

**50.** (D)




पक्षी अब अपने घोंसले से दक्षिण–पश्चिम दिशा में है।

## सामाजिक अध्ययन

**51.** (D) मेसोपोटामिया की सभ्यता में बेलनाकार पाषाण मुद्राओं का उपयोग होता था। यह सभ्यता अफ्रीका महाद्वीप के उत्तर पश्चिमी भाग में विकसित हुई जोकि सिन्धु घाटी सभ्यता की तरह यह भी कांस्य युगीन सभ्यता थी। सिन्धु घाटी सभ्यता में जहाँ सेलखड़ी की बनी आयताकार मुद्राएँ मिली हैं। वहीं मेसोपोटामियाई सभ्यता में पाषाण से बनी बेलनाकार मुद्राओं का प्रचलन बहुत था।

**52.** (C) हड़प्पा स्थल की सर्वप्रथम संक्षिप्त खुदाई अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा की गई थी।
- भारत में 19वीं शताब्दी में भारतीय पुरातत्व व कला का विकास, इन्हीं के नेतृत्व में हुआ।
- अलेक्जेंडर कनिंघम, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संस्थापक प्रमुख थे और और उन्होंने 1853 में हड़प्पा का दौरा किया और हड़प्पा मोहर की खोज की थी। इन्होंने ही हड़प्पा सभ्यता को सर्वप्रथम विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर प्रदर्शित किया।

**53.** (B) प्रश्नगत विकल्पों में से मोहनजोदड़ो स्थान पर "पुजारी राजाओं" की मूर्ति मिली थी।
- मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक था। यह स्थल पाकिस्तान में सिंधु नदी के तट पर स्थित है।
- मोहनजोदड़ो सिंधी भाषा का शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ मुर्दों या मृतकों का टीला है। इसे सिंध का बाग या नखलिस्तान के नामों से भी जाना जाता है।
- मोहनजोदड़ो से नृत्य करती हुई लड़की की मूर्ति प्राप्त हुई है। जो कांस्य की बनी हुई है।
- इस स्थल की खोज 1922 ई. में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक अधिकारी आर. डी. (राखालदास) बनर्जी द्वारा की गयी।

**54.** (B) NNP = GNP – मूल्य ह्रास शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद के लिए सही है। सकल राष्ट्रीय उत्पाद किसी देश के उत्पादकों द्वारा उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल बाजार मूल्य होता है जिसमें से मूल्य ह्रास को घटाने पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद प्राप्त होता है।

**55.** (C) ऋणपत्र मुद्रा बाजार का साधन नहीं है।
- मुद्रा बाजार साधन एक निवेश तंत्र है जो बैंकों, व्यवसायों और सरकार को उनकी अल्पकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने और उधारदाताओं को आसान तरलता प्रदान करने की अनुमति देता है।
- मुद्रा बाजार साधन–
  (i) जमा का प्रमाण पत्र
  (ii) नकद प्रबंधन विधेयक
  (iii) वाणिज्यिक पत्र
  (iv) बैंकर की स्वीकार्यता
  (v) पुनर्क्रय अनुबन्ध

**56.** (D) शतपथ ब्राह्मण और तैत्रीय यजुर्वेद के ब्राह्मण मूल पाठ हैं, जिसमें शतपथ ब्राह्मण यजुर्वेद की शाखा शुल्क यजुर्वेद से तथा तैत्रीय ब्राह्मण कृष्ण यजुर्वेद से सम्बन्धित हैं।

**57.** (B) ऋग्वेद सबसे प्राचीनतम् में इन्द्र देवता की सर्वाधिक महत्ता है, यह प्राचीनतम् वेद है, जिसमें 1028 सूक्त 10,462 ऋचाएँ हैं। ऋग्वेद का पाठ वाले ऋषियों को होतृ कहते हैं। इसमें इन्द्र का 250 बार तथा अग्नि का 200 बार वर्णन है।

**58.** (D) भारतीय खाद्य सुरक्षा के सन्दर्भ में MSP न्यूनतम समर्थन मूल्य है।
- खाद्य सुरक्षा से तात्पर्य खाद्य पदार्थों की सुनिश्चित आपूर्ति एवं जनसामान्य के लिये भोज्य पदार्थों की उपलब्धता से है।
- सन् 1974 में विश्व खाद्य सम्मेलन में 'खाद्य सुरक्षा' की परिभाषा दी गई, जिसमें खाद्य आपूर्ति बल दिया गया।
- खाद्य सुरक्षा के सन्दर्भ में भारत में MSP का अर्थ मिनिमम सपोर्ट प्राइस (Minimum Support Price) है। वर्तमान में सरकार द्वारा 23 फसल उत्पादनों पर MSP घोषित किया जाता है।

**59.** (B) भारतीय रिजर्व बैंक का केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई में है।
- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार, 1 अप्रैल, 1935 को हुई।
- यद्यपि प्रारंभ में यह निजी स्वामित्व वाला बैंक था, 1949 में राष्ट्रीयकरण के बाद से इस पर भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व हो गया है।
- पूरे भारत में रिजर्व बैंक के कुल 29 क्षेत्रीय कार्यालय हैं जिनमें से अधिकांश राज्यों की राजधानियों में स्थित हैं।
- शक्तिकांत दास भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान गवर्नर हैं।

**60.** (D) उपनिषद ज्ञान के सिद्धांत पर बल देते हैं, ये दार्शनिक ग्रन्थ हैं, इनकी कुल संख्या 18 बताई गई है। उपनिषद हिन्दू धर्म का महत्वपूर्ण श्रुति ग्रंथ है। ये वैदिक वांग्मय का अभिन्न भाग है। इसमें परमेश्वर, परमात्मा ब्रह्म और आत्मा के स्वभाव और सम्बन्ध का बहुत ही दार्शनिक और ज्ञानपूर्ण वर्णन किया गया है। दुनिया के कई दार्शनिक उपनिषदों को सबसे अच्छा ज्ञानकोश मानते हैं। ये संस्कृत से जुड़े हैं 17वीं सदी में दाराशिकोह ने उपनिषदों का फारसी में अनुवाद सिर्र-ए-अकबर के नाम से किया था।

**61.** (D) योगवेद उपवेद नहीं है। उपवेद उन विधाओं को कहा जाता है जो वेद पर आधारित हैं। चारों वेदों के चार अलग–अलग उपवेद हैं।

| **वेद** | **उपवेद** |
|---|---|
| ऋग्वेद | आयुर्वेद |
| यजुर्वेद | धनुर्वेद |
| सामवेद | गन्धर्ववेद |
| अथर्ववेद | शिल्पवेद/स्थापत्यवेद |

**62.** (D) बजट घाटे को कराधान, उधार, मुद्रा छापना विधि द्वारा वित्तपोषित किया जा सकता है।
- भारत की मौद्रिक नीति विशिष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तैयार और निष्पादित और नियंत्रित की जाती है।
- सरल शब्दों में कहें तो जब सरकार का कुल खर्च कुल आमदनी से ज्यादा होता है तो इसे बजट घाटा कहते हैं। यह किसी देश की वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

**63.** (D) फ्रांस देश कर चोरी को कम करने के लिए G.S.T. लागू करने वाला पहला देश था।
- वस्तु और सेवा कर (G.S.T.) घरेलू उपयोग के लिए बेचे जाने वाले अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाने वाला मूल्य वर्धित कर है।
- 1954 में G.S.T. लागू करने वाला पहला राष्ट्र फ्रांस था।
- भारत में G.S.T. को 01 जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।
- इसको भारत सरकार द्वारा भारतीय संविधान के 101वें संशोधन द्वारा लागू किया गया था।

**64.** (B) बुद्ध के उपदेशों का संकलन त्रिपिटकों में मिलता है।
- त्रिपिटक बौद्ध धर्म का प्राचीनतम ग्रन्थ है।
- यह ग्रन्थ पाली भाषा में लिखे गये हैं और विभिन्न भाषाओं में अनुवादित हैं।
- त्रिपिटक तीन ग्रन्थों विनय पिटक, सुत्तपिटक तथा अभिधम्म पिटक का संयुक्त नाम है।
- तत्वार्थ जैन ग्रन्थ माना जाता है।

**65.** (D) चार महान सत्य की अवधारणा बौद्ध धर्म से सम्बन्धित है। महात्मा बुद्ध ने अपने सामाजिक जीवन को छोड़ने के बाद, अपने जीवन की चार घटनाओं को चार महान सत्य के रूप में जाना था।

**66.** (D) वर्धमान महावीर प्राचीन भारत में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उन्हें जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। उनका जन्म ज्ञातृक कुल के क्षत्रिय परिवार में हुआ था।
- ऋषभदेव पहले जैन तीर्थंकर थे।
- अजितनाथ दूसरे जैन तीर्थंकर थे।
- संभवनाथ तीसरे जैन तीर्थंकर थे।
- अभिनंदननाथ चौथे जैन तीर्थंकर थे।
- सुमतिनाथ पाँचवें जैन तीर्थंकर थे।
- पार्श्वनाथ 23 वें जैन तीर्थंकर थे।

**67.** (C) विश्व बैंक वित्तीय संस्थान को पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक के रूप में भी जाना जाता है।
- इसका मुख्य उद्देश्य दीर्घकालिक आर्थिक कठिनाई में सहायता करना और मध्यम आय और निम्न आय वाले देशों की सहायता करना है।
- यह सदस्य देशों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराता है।
- I.B.R.D. को विश्व बैंक के रूप में भी जाना जाता है।
- I.B.R.D. और I.D.A. मिलकर विश्व बैंक समूह बनाते हैं।

**68.** (C) भारत में सकल घरेलू उत्पाद के परिकलन के लिए केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय उत्तरदायी है।
- राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) को अब राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) बनाने के लिए केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय के साथ मिला दिया गया है।

**69.** (C) अजातशत्रु ने वज्जि पर आक्रमण करने के संबंध में वास्साकार (Vassakara) नामक अपने मंत्री को बुद्ध के पास उनका परामर्श लेने के लिए भेजा। स्मरण रहे कि वज्जि के साथ तनावपूर्ण स्थिति अजातशत्रु के पिता बिम्बसार के समय से चली आ रही थी, चूँकि वज्जि गणराज्य के गौतम बुद्ध के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध थे वहीं अजातशत्रु गौतम बुद्ध में आस्था रखता था।

- स्मरण रहे की अजातशत्रु के समय ही प्रथम बौद्ध महासंगीति का आयोजन राजगृह में किया गया था जिसकी अध्यक्षता महाकश्यप ने की थी।

**70.** (A) गोपुरम बौद्ध स्तूप की संरचना का हिस्सा नहीं है। गोपुरम एक स्मारकीय अटालिका है। प्रायः शिल्प से सुसज्जित एवं अधिकतर दक्षिण भारत के मन्दिरों के द्वार पर स्थित होती है। यह द्रविड़ शैली के मंदिरों से सम्बन्धित है।

**71.** (D) पूंजी खाता परिवर्तनीयता पर सिफारिश करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तारापोर समिति का गठन किया गया था। यह एक विशेषज्ञ समिति थी जिसका उद्देश्य भारत में पूंजी खाता परिवर्तनीयता की व्यवहार्यता का अध्ययन करना था। इसके अंतर्गत विदेशी सहायता, बाजार उधारी, अनिवाशी जमा तथा अन्य पूंजी मदें आती हैं।

- पी. जे. नायक समितिः इस समिति का गठन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा भारत में बैंकों के बोर्ड के शासन की समीक्षा करने के लिए की गई थी। समिति का गठन जनवरी, 2014 में किया गया था।
- महाजन समिति : बेलगावी नामक क्षेत्र पर महाराष्ट्र और कर्नाटक के मध्य समस्या का समाधान के लिए केंद्र सरकार ने स्थिति का आकलन करने के लिए 1966 में महाजन समिति का गठन किया।
- सत्यम समितिः एक नई कपड़ा नीति तैयार करने के लिए, भारत सरकार ने एस. सत्यम की अध्यक्षता में 1999 में एक समिति नियुक्त की थी।

**72.** (A) भारत ने ASEAN के साथ पूर्ण संवाद साझेदारी 1996 में स्थापित की थी। ASEAN दक्षिण-पूर्वी एशियायी राष्ट्रों का संगठन है। इसका मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में है। आसियान का गठन 8 अगस्त, 1967 को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में किया गया था। इस संगठन में कुल 10 सदस्य हैं जबकि पापुआ न्यूगिनी और पूर्वी तिमोर इसके प्रेक्षक सदस्य हैं।

**73.** (C) मेगस्थनीज भारत में 302 ई. पू. में चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर प्रथम का राजदूत बनकर आया था। इसने भारत भ्रमण किया और 'इण्डिका' नामक एक किताब लिखी जिसमें मौर्य प्रशासन और भारतीय संस्कृति की जानकारी मिलती है।

**74.** (B) मेगस्थनीज के अनुसार शाही जुलूसों के दौरान चंद्रगुप्त के रक्षक सोने और चाँदी से सजाए गए हाथी की सवारी करते थे।

- मेगस्थनीज एक ग्रीक राजनयिक, इतिहासकार था जो मौर्य शासक चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में सेल्यूकस के दूत के रूप में आया था जिसने भारत की तत्कालीन सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक स्थिति का वर्णन अपनी पुस्तक 'इण्डिका' में किया था।
- हालांकि उनकी किताब, इंडिका समय की धाराओं में खो गई थी, बाद के लेखकों के साहित्यिक स्रोतों का उपयोग करके इसे कुछ हद तक फिर से बनाया गया है।
- मेगस्थनीज प्राचीन भारत का वर्णन करने वाला पहला विदेशी व्यक्ति था।

**75.** (A) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को हुई।

- विश्व व्यापार संगठन (WTO) एकमात्र वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो राष्ट्रों के मध्य व्यापार नियमों से संबंधित है।
- इसका पुराना नाम गैट (GATT–General Agreement on Tariffs and Trade) था।
- वर्तमान में 164 देश इसके सदस्य हैं अंतिम सदस्य अफगानिस्तान बना है। भारत इस बहुद्देशीय संस्था का संस्थापक सदस्य और सक्रिय भागीदार देश है।
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
- वर्तमान में इसके महानिदेशक रॉबर्टो अजेवेडो हैं।

**76.** (B) विश्व आर्थिक मंच (WEF) का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में है। जिसकी स्थापना 1971 में हुई।

- विश्व आर्थिक मंच एक स्विस गैर–लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- विश्व आर्थिक मंच [World Economic Forum (W.E.F.)] द्वारा 'रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ प्रोडक्शन' रिपोर्ट जारी की जाती है।
- विश्व आर्थिक मंच सार्वजनिक–निजी सहयोग के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना प्रोफेसर क्लॉल शवाब द्वारा की गई।
- विश्व आर्थिक मंच वैश्विक प्रति–स्पर्धात्मकता रिपोर्ट, वैश्विक जोखिम रिपोर्ट और वैश्विक लिंग अंतर रिपोर्ट जारी करता है।

**77.** (D) गुजरात में सुदर्शन झील वस्तुतः एक कृत्रिम जलाशय है, जो मौर्यों के शासन के दौरान बनाया गया था।

सुदर्शन झील का निर्माण चन्द्रगुप्त मौर्य के प्रान्तीय शासक पुष्यगुप्त ने कराया था।

**78.** (C) अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (I.U.C.N.) का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के ग्लैंड शहर में स्थित है।

- यह दुनिया की प्राकृतिक स्थिति को संरक्षित रखने के लिये एक वैश्विक प्राधिकरण है ।
- यह संघ विश्व के विभिन्न संरक्षण संगठनों के नेटवर्क से प्राप्त जानकारी के आधार पर "लाल सूची" प्रकाशित करता है, जो विश्व में सबसे अधिक संकटग्रस्त प्रजातियों को दर्शाती है।
- आई.यू.सी.एन. की स्थापना 5 अक्टूबर, 1948 को हुई थी।

**79.** (C) इस सूचकांक का निर्धारण प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा साक्षरता दर, जन्म पर जीवन प्रत्याशा एवं जीवन स्तर (प्रति व्यक्ति आय) के आधार पर किया जाता है। महबूब–उल–हक नामक पाकिस्तानी अर्थशास्त्री ने वर्ष 1990 ई. में मानव विकास सूचकांक का विकास किया था। भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने भी इस सूचकांक को विकसित करने में अपना योगदान दिया था।

**80.** (A) महाराजाधिराज की उपाधि धारण करने वाला प्रथम गुप्त सम्राट चन्द्रगुप्त प्रथम था।

- चन्द्रगुप्त प्रथम गुप्त वंश के तृतीय किन्तु स्वतंत्र शासक थे। गुप्त आरंभ में भाराशिव वंश के सामन्त थे।

- चन्द्रगुप्त प्रथम ने लगभग 319 ईसवी से 350 ईसवी तक शासन किया।
- इन्होंने अपने जीवन काल में ही अपने सुयोग्य पुत्र समुद्रगुप्त को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।

**81.** (C) गुप्त वंश का वह राजा स्कन्दगुप्त था जिसने हूणों को भारत पर आक्रमण करने से रोका। हूणों का प्रथम आक्रमण स्कन्द गुप्त के काल में हुआ। गुप्त ने युद्ध में हूणों को पराजित किया था। इस युद्ध का उल्लेख भितरी स्तम्भ लेख से प्राप्त होता है। स्कन्दगुप्त ने जूनागढ़ अभिलेख में भी हूणों के आक्रमण का उल्लेख है। हूणों का नेता तोरमाण था।

**82.** (D) खुशी, मानव विकास सूचकांक का हिस्सा नहीं है।
- मानव विकास सूचकांक संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी होने वाली वार्षिक रिपोर्ट है, जो जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और आय के मानकों के आधार पर प्रकाशित की जाती है।
- सर्वप्रथम वर्ष 1990 में एचडीआई रिपोर्ट जारी की गई थी। तब से प्रत्येक वर्ष इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया जा रहा है।
- इस सूचकांक को पाकिस्तान के अर्थशास्त्री महबूब उल हक ने दिया था।

**83.** (C) पर्यावरण व पारिस्थितिकी में जीवों एवं पर्यावरण के बीच सम्बन्धों का अध्ययन किया जाता है। पर्यावरण में सभी जीवित और निर्जीव पृथ्वी या कुछ उसके क्षेत्र पर स्वाभाविक रूप से होने वाली बातें शामिल हैं। पर्यावरण शब्द का निर्माण दो शब्दों से मिल कर हुआ है। 'परि' जो हमारे चारों ओर है, 'आवरण' जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है।
- पारिस्थितिकी शब्द का प्रयोग जर्मन प्राणि वैज्ञानिक अर्नेस्ट हेकल ने किया था।

**84.** (A) तीर्थयात्रियों के राजकुमार के रूप में प्रतिष्ठित ह्वेनत्सांग ने सम्राट हर्ष के शासनकाल के दौरान 627 से 647 ई. तक भारत का दौरा किया था।

ह्वेनत्सांग एक प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु था। वह भारत में 15 वर्षों तक रहा।

**85.** (B) साइमन कमीशन की नियुक्ति लार्ड इरविन वायसराय के कार्यकाल में हुई थी। और 1927 में साइमन कमीशन भारत आया।
- इसके विरोध के दो मुख्य कारण थे–
1. इसमे कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था।
2. यह समय पूर्व भारत आ गया था।
- साइमन आयोग सात ब्रिटिश सांसदों का समूह था।
- जिसका गठन 1927 में भारत में संविधान सुधारों के अध्ययन के लिये किया गया था।
- इसे साइमन आयोग (कमीशन) इसके अध्यक्ष सर जॉन साइमन के नाम पर कहा जाता है।
- इसे भारतीय सांविधिक आयोग के नाम से भी जाना जाता है।

**86.** (A) चक्रवर्ती राजगोपालाचारी लार्ड माउंटबेटन के उत्तराधिकारी थे, जो स्वतंत्र भारत के पहले महाराज्यपाल (गवर्नर जनरल) बने।
- चक्रवती राजगोपालाचारी को राजाजी या सी. आर. के नाम से भी जाना जाता था।
- वे स्वतंत्र भारतीय संघ के पहले गवर्नर जनरल (1947-48) थे।
- राजगोपालाचारी भारत के अंतिम गवर्नर जनरल थे।
- इन्होंने स्वतंत्र पार्टी की स्थापना की थी।
- लार्ड माउण्टबेटन भारत के आखिरी वायसराय थे

**87.** (A) भारत की संसद में चार प्रकार के विधेयक पारित होते हैं। जो इस प्रकार हैं–
- (i) संविधान संशोधन विधेयक
- (ii) धन विधेयक
- (iii) वित्तीय बिल
- (iv) साधारण
- विधेयक पर चर्चा करने में लगने वाला औसत समय 2019 में 213 मिनट से घटकर 2021 में 85 मिनट हो गया।

**88.** (A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष एनी बेसेंट थी।
- उन्होंने 1917 के कलकत्ता अधिवेशन में कांग्रेस की अध्यक्षता की।
- सरोजिनी नायडू पहली भारतीय महिला थीं जो कांग्रेस अध्यक्ष बनीं। (1924 कानपुर अधिवेशन)
- इंदिरा गाँधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थी।

**89.** (A) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि 1951-56 थी। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारतीय संसद में पहली पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की थी। इस योजना का मसौदा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री के.एन. राज ने तैयार किया जो यूएसएसआर के हेरोड-डोमर मॉडल पर आधारित थी। यह योजना मुख्य रूप से कृषि पर केन्द्रित थी।

**90.** (A) नाम्ड्रोलिंग मठ कर्नाटक राज्य में स्थित है। यह कर्नाटक के मैसूर जिले के बैलकुप्पे में स्थित है। यह बौद्ध शिक्षा का आज भी केन्द्र है।

**91.** (A) पल्लवों के अभिलेखों में कई स्थानीय सभाओं की चर्चा है। इनमें से एक था ब्राह्मण भू-स्वामियों का संगठन जिसे सभा कहते थे।
- पल्लव वंश का संस्थापक सिंह विष्णु था उसका राज्य आर्य संस्कृतिक पर आधारित था। ब्राह्मणों को राजाओं द्वारा संरक्षण दिया जाता था, और उन्हें भूमि अनुदान में दी जाती थी इसे ब्रह्मदेय कहा जाता था।
- पल्लव राजा रूढ़िवादी हिन्दू थे और शिव और विष्णु की पूजा करते थे।

**92.** (B) भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) एक सरकारी निकाय है, जो भारत में बीमा उद्योग को विनियमित और विकसित करने के लिए जिम्मेदार है।
- IRDAI की स्थापना संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी जिसे बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के रूप में जाना जाता है।
- IRDAI का मुख्यालय तेलंगाना में हैदराबाद में है। 2001 से पहले, इसका मुख्यालय नई दिल्ली में था।
- आईआरडीएआई के कार्य और कर्तव्य–बीमा कंपनियों का पंजीकरण और विनियमन करना, पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करना, बीमा बिचौलियों के लिए लाइसेंस देना और मानदंड स्थापित करना, बीमा में पेशेवर संगठनों को बढ़ावा देना, गैर-जीवन बीमा कवर की प्रीमियम दरों और शर्तों का विनियमन और पर्यवेक्षण आदि।

**93.** (C) 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिह्नित करने के लिए 2014 से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में और रियासतों के भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह स्वतन्त्रता भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे।

**94.** (B) भारत देश अक्षांशीय रूप से 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर तक तथा देशांतरीय रूप से 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व तक विस्तृत है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी है जो कि विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.42% है।

भारत का विस्तार उत्तर–पूर्वी गोलार्द्ध में है।

**95.** (A) पांडवों के शासन के दौरान **दिल्ली** को '**इंद्रप्रस्थ**' कहा जाता था, क्योंकि दिल्ली शहर की स्थापना पांडवों ने की थी, उन्होंने इसका नाम **इंद्रप्रस्थ** रखा था।

- राजा तोमर ने इस इंद्रप्रस्थ शहर को अपने राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया जिसको बाद में चौहानों ने जीत लिया था।

**96.** (A) चन्द्रगुप्त द्वितीय को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य या विक्रमादित्य के नाम से भी जाना जाता है।

- यह भारत के महानतम एवं सर्वाधिक शक्तिशाली सम्राट थे। उनका राज्य 375-414 ई. तक चला जिसमें गुप्त राजवंश ने अपना शिखर प्राप्त किया।
- समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है। कुमारगुप्त ने बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय बनवाया।
- स्कंदगुप्त के समय भारत पर पहली बार हूणों द्वारा आक्रमण किया गया।

**97.** (D) आधुनिक भारत का बारंगल शहर काकतीय राजवंश से संबंधित है। यह राजवंश दक्षिणी भारत का एक साम्राज्य था जो आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के क्षेत्रों में 1083 ई. से 1323 ई. के दौरान शासन करता था।

- काकतीय राजवंश को कई लम्बे समय तक शासन करने वाले महान तेलुगु साम्राज्यों में से एक माना जाता है।

**98.** (A) भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी महान्यावादी माना जाता है।

- भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार तथा भारतीय उच्चतम न्यायालय में सरकार का प्रमुख वकील होता है।
- भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- भारत के वर्तमान महान्यायवादी के. के वेणुगोपाल हैं।

**99.** (C) मिश्रित अर्थव्यवस्था एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें समाजवाद और पूँजीवाद दोनों की विशेषताओं को समाहित किया जाता है।

- भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था को स्वतन्त्रता के पश्चात् अपनाया था।
- मिश्रित अर्थव्यवस्था शब्द का प्रतिपादन पेट म्यूलिन्स ने किया था तथा इस मॉडल का समर्थन जे.एम. कीन्स ने किया था।

**100.** (D) कुलीन प्रथा सेन वंश के शासनकाल से सम्बन्धित थी बंगाल में यह कुलीन प्रथा खूब बढ़ी तथा वहाँ कुलीन ब्राह्मणों ने बहुत ही ऊँचा दहेज लेकर इस प्रथा को आगे बढ़ाया था। शैक्षणिक प्रतिष्ठा के साथ विवाह सम्बन्ध में इस प्रकार के परिवार बंगाल में श्रेष्ठ माने जाते थे।

**101.** (D) हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856, 16 जुलाई, 1856 को हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को वैध बनाता है।

- यह अधिनियम, 1856 में लॉर्ड कैनिंग द्वारा पारित किया गया था।
- हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को सबसे पहले लॉर्ड कैनिंग ने वैध बनाया था।
- हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856 का अधिनियमन भारत में विधवा की स्थिति में सुधार के लिए एक प्रमुख सामाजिक सुधार कार्यक्रम था।

**102.** (D) मंडल आयोग की सिफारिश को जनता दल सरकार ने लागू किया था। जनता दल भारत में एक राजनीतिक दल है।

- मंडल कमीशन का गठन 1979 में जनता दल सरकार (प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई) द्वारा पिछड़ा वर्ग के संबंध में किया गया। इस आयोग के अध्यक्ष बी. पी. मंडल थे।
- आयोग की रिपोर्ट को 1990 में नेशनल फ्रंट की वी.पी. सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया और OBC को 27% आरक्षण दिया गया।

**103.** (C) कुतुबमीनार के पाँचवें तल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक के शासनकाल के दौरान किया गया था।

- कुतुबमीनार भारत की सबसे ऊँची मीनार है।
- कुतुब-उद-दीन ऐबक ने कुतुबमीनार के निर्माण की शुरुआत की और इल्तुतमिश ने इसे पूरा किया। इसकी बुनियाद 1191 ई. में रखी गयी।
- इल्तुतमिश और फिरोजशाह तुगलक ने ही इस मीनार का निर्माण पूरा किया।
- ये मीनार नई दिल्ली, भारत के महारौली क्षेत्र में यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है।

**104.** (D) मुहम्मद तुगलक ने अपने सैनिकों को भुगतान करने के लिए टोकन मुद्रा का इस्तेमाल किया था, जो सस्ती धातु से बनी थी।

- तुगलक दिल्ली का सबसे बड़ा विद्वान सुल्तान था, लेकिन उनके पास व्यावहारिक निर्णय की कमी थी।
- तुगलक ने कृषि विभाग बनाया जिसे दीवान-ए-कोही कहा जाता था।
- तुगलक ने दिल्ली के सुल्तानों में सबसे अधिक सिक्के जारी किये।

**105.** (D) भारत के संविधान में 15वाँ संशोधन द्वारा न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने और एक उच्च न्यायालय से दूसरे न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने वाले न्यायाधीशों को प्रतिपूरक भत्ता देने का उपबंध किया गया।

- इस संशोधन में न्यायाधीशों की सेवा. निवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की गई है।

**106.** (A) हरिलाल जे. कनिया भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे।

- ये 14 अगस्त, 1947 से 26 जनवरी, 1950 तक मुख्य न्यायाधीश थे।
- इन्होंने डॉ राजेन्द्र प्रसाद के सामने भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली।
- मंडकोलथुर पंतजलि शास्त्रीभारत के दूसरे मुख्य न्यायाधीश थे।
- न्यायाधीश मेहर चंद महाजन भारत के सुप्रीम कोर्ट के तीसरे मुख्य न्यायाधीश थे।

**107.** (D) कपिलेंद्र देव, 15वीं शताब्दी में सूर्यवंशीय गजपति वंश के संस्थापक थे। इन्होंने गजपति साम्राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भारत के कुछ हिस्सों पर शासन किया, जिसमें ओडिशा और आंध्र प्रदेश का हिस्सा सम्मिलित था।

**108.** (A) लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हैं। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक में किया जाता है। उसे लोकसभा के सदस्यों में से चुना जाता है। स्पीकर पाँच साल की अवधि के लिए कार्य करता है।

- संसद में बहुमत के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा पीएम की नियुक्ति की जाती है। राष्ट्रपति अन्य मंत्रियों की नियुक्ति की भी प्रधान मंत्री की सलाह पर करता है। वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हैं।

- भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत की जाती है।

**109.** (A) न्यायिक बिल संसद में परित विधेयक की श्रेणी में नहीं आता।
- एक साधारण विधेयक एक ऐसा विधेयक होता है, जिसे किसी मन्त्री या निजी सदस्य द्वारा संसद के किसी भी दो सदनों में चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके विपरीत, एक धन विधेयक संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में, एक मन्त्री द्वारा चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 107 में साधारण विधेयक के बारे में प्रावधान है।
- वित्त विधेयक में उन सभी विधेयकों को शामिल किया जाता है, जो प्रत्यक्ष रूप से वित्त से सम्बन्धित मामलों से सम्बन्धित होते हैं, जैसे–सरकार के व्यय अथवा सरकार के राजस्व से सम्बन्धित व्यय।

**110.** (A) मुगल सम्राट बाबर के बारे में (बाबर 12 वर्ष की आयु में गद्दी पर बैठा था।) कथन (A) सही नहीं है।
- बाबर का पूरा नाम जहीरुद्दीन मुहम्मद था।
- इसका जन्म उज्बेकिस्तान में हुआ था।
- बाबर को मुंबइयान नामक पद्य शैली का जन्मदाता माना जाता है।
- यह तैमूर और चंगेज खान का वंशज था।

**111.** (C) मुगलों को अपने तैमूर राजवंश पर गर्व था। वे इसे प्रत्येक शासक को तैमूर और स्वयं का एक चित्र प्रदान करके मनाया करते थे।
- तैमूरलंग 14वीं शताब्दी का शासक था, जिसने तैमूरी राजवंश की स्थापना की थी।
- मुगल पिता की ओर से तुर्क तथा माता की ओर से तैमूर के वंशज थे।

**112.** (A) 17 मार्च, 1527 ई. में खानवा के युद्ध में राणा साँगा को हराने के बाद बाबर ने गाजी की उपाधि धारण की। खानवा गाँव आगरा के निकट स्थित है।
- पानीपत के युद्ध के बाद बाबर द्वारा लड़ा गया यह दूसरा बड़ा युद्ध था। स्मरण रहे कि महाराणा साँगा को खानवा के युद्ध में हसन खां मेवाती, महमूद लोदी और अनेक राजपूत सरदारों का सहयोग मिला।

**113.** (C) राज्यसभा के उपसभापति राज्यसभा के सदस्यों द्वारा आन्तरिक रूप से चुने जाते हैं।
- राज्यसभा के उपसभापति राज्यसभा के सभापति के अभाव में राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते हैं।
- भारत के उपराष्ट्रपति ही राज्यसभा के सभापति होते हैं।
- राज्यसभा के वर्तमान उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह हैं।

**114.** (D) लोकसभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष जबकि राज्यसभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 30 वर्ष है।

इसी प्रकार राज्य की विधानसभा का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष और विधान परिषद सदस्य बनने के लिए 30 वर्ष है।

लोकसभा जन प्रतिनिधियों का निकाय है। इसके सदस्यों का प्रत्यक्ष निर्वाचन मताधिकार सम्पन्न वयस्क लोगों द्वारा सामान्यतः प्रत्येक 5 वर्षों में एक बार किया जाता है।

लोकसभा की संरचना को अनुच्छेद 81 और राज्यसभा की संरचना का उल्लेख अनुच्छेद 80 में है।

**115.** (D) सन् 1600 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैण्ड की महारानी एलिजाबेथ प्रथम से एक चार्टर अर्थात इजाजतनामा हासिल कर लिया, जिसने कंपनी को पूर्व से व्यापार करने का एकाधिकार दे दिया था।
- इस चार्टर में ईस्ट इंडिया कंपनी के संविधान, शक्ति तथा सुविधाओं आदि का विवरण मिलता है। प्रारम्भ में कंपनी का अस्तित्व केवल 15 वर्षों के लिए निर्धारित किया गया था।
- इस चार्टर के तहत कंपनी के प्रबंधन हेतु एक जनरल कोर्ट को स्थापित किया गया जिसका कार्य प्रत्येक वर्ष के लिए एक गर्वनर और चौबीस डायरेक्टरों के चुनाव द्वारा नियुक्ति करना था।

**116.** (C) 18वीं शताब्दी अंग्रेजों में द्वारा मैसूर के साथ 4 युद्ध लड़े गए।
- दक्षिण भारत में अंग्रेजों और मैसूर साम्राज्य के बीच लड़े गए चार युद्धों की श्रृंखला को एंग्लो-मैसूर युद्ध के रूप में जाना जाता है जो इस प्रकार हैं , प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध, द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध, तीसरा आंग्ल-मैसूर युद्ध, चौथा आंग्ल-मैसूर युद्ध।

**117.** (A) प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की हार का प्रमुख कारण उसके सेनापति मीर जाफर की सेना का युद्ध नहीं लड़ना था।
- यह युद्ध 1757 में सिराज-उद्-दौला (बंगाल के नवाब) और रॉबर्ट क्लाइव के नेतृत्व वाली ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के बीच लड़ा गया था।

**118.** (B) पहला आंग्ल–मैसूर युद्ध हैदर अली और अंग्रेजों के बीच लड़ा गया था।
- प्रथम आंग्ल–मैसूर युद्ध 1767 से 1769 ई. तक लड़ा गया। यह युद्ध मद्रास की संधि के बाद समाप्त हुआ।

**119.** (C) 23 जून, 1757 को राबर्ट क्लाइव (ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी) तथा बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के बीच प्लासी का युद्ध हुआ। इस युद्ध से सेनापति मीर जाफर ने नवाब को धोखा दिया जिस कारण नवाब युद्ध हार गया। नवाब को मीर जाफर के पुत्र मीर मीरन के आदेश पर मरवा दिया गया।

**120.** (A) लोकसभा के 3 सत्र अनिवार्य रूप से एक वर्ष में आयोजित किए जाते हैं।
- इन सत्रों का आयोजन राष्ट्रपति की विज्ञप्ति से होता है।
- लोकसभा भारतीय संसद का निचला सदन है।
- भारतीय संविधान के अनुसार, सदन के सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 तक हो सकती है।
- भारत में प्रथम लोकसभा 1952 में गठित हुई थी।
- लोकसभा का कार्यकाल पाँच वर्ष तक होता है।

**121.** (A) भारतीय संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के बाद का समय शून्यकाल होता है। इसका समय 12 बजे से लेकर 1 बजे तक होता है। दोपहर 12 बजे आरंभ होने के कारण इसे शून्यकाल कहा जाता है। शून्यकाल का आरंभ 1960 के दशकों में हुआ जब बिना पूर्व सूचना के अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाने की प्रथा विकसित हुई। शून्यकाल के समय उठाने वाले प्रश्नों पर सदस्य तुरंत कार्रवाई चाहते हैं।
- यह नाम मीडिया या समाचार पत्रों द्वारा दिया गया है।

**122.** (C) जागोई और चोलोम मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य की दो प्रमुख शैलियाँ हैं। यह नृत्य राधा और कृष्ण की लीलाओं पर आधारित है।
- गुरु विपिन को मणिपुरी नृत्य का जनक

माना जाता है। इस नृत्य की प्रस्तुति महिलाओं द्वारा की जाती है।
- कथक उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य है।
- कथकली केरल राज्य का शास्त्रीय नृत्य है।

**123.** (D) पारंपरिक 'पंखिड़ा' लोक गीत राजस्थान राज्य से संबंधित है।

यह गीत हाड़ौती तथा ढूँढाड़ क्षेत्र का लोकप्रिय गीत है जो त्योहारों तथा मेलों के समय गाया जाता है।

**124.** (C) राज्यसभा में 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं। इन्हें 'नामित सदस्य' कहा जाता है। अन्य सदस्यों का चुनाव होता है। राज्य सभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं, जिनमें एक-तिहाई (1/3) सदस्य हर 2 साल में सेवानिवृत होते हैं।
- राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा है।
- राज्यसभा में 245 सदस्य (अधिकतम 250) होते हैं।
- 12 सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत करने की शक्ति आयरलैण्ड के संविधान से ली गई है।

**125.** (A) अनुच्छेद 59(3) में राष्ट्रपति के भत्तों का उल्लेख किया गया है। ज्ञात हो कि अनुच्छेद 52 का सम्बन्ध भारत के राष्ट्रपति के पद, अनुच्छेद 53 का सम्बन्ध राष्ट्रपति की कार्यकारी शक्तियों, अनुच्छेद 54 का सम्बन्ध राष्ट्रपति के चुनाव तथा अनुच्छेद 55 का सम्बन्ध राष्ट्रपति के चुनाव के तरीके से व अनुच्छेद 56 का सम्बन्ध राष्ट्रपति के कार्यकाल से है।
- अनुच्छेद 59(1) में कहा गया है कि राष्ट्रपति को संसद का सदस्य या किसी राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए।
- अनुच्छेद 65 उन स्थितियों से सम्बन्धित है जिनमें उपराष्ट्रपति को भारत के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करना होता है।

**126.** (D) ससेर मुजताग पर्वतमाला काराकोरम पर्वतमाला की पूर्वतम उपश्रेणी है।
- काराकोरम श्रेणी ट्रांस हिमालय का भाग है जिसका विस्तार पाकिस्तान, भारत और चीन में है।
- काराकोरम भारत की सबसे ऊँची तथा विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी के 2 (गॉडविन आस्टिन) स्थित है।
- काराकोरम श्रेणी में सियाचिन, विआफो ग्लेशियर में स्थित है।
- काराकोरम का विस्तार 500 किमी. तक है।
- लद्दाख श्रेणी, पामीर, हिन्दुकुश, काराकोरम श्रेणी की सीमा बनाते हैं।

**127.** (D) खत्री शब्द का प्रयोग तमिलनाडु में गर्मी के मौसम के लिए किया जाता है।
- तमिलनाडु में गर्मी मार्च में शुरू होती है और मई–जून में समाप्त होती जाती है।
- गर्मियों के दौरान, तमिलनाडु में ता. पमान 28 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच होता है।

**128.** (D) उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती वन प्रायद्वीप में अधिक वर्षा वाले भागों और उत्तर प्रदेश व बिहार के मैदानी भागों में पाए जाते हैं।
- भारत में ये वन बहुतायत में पाए जाते हैं। इन्हें मानसून वन भी कहा जाता है।
- ये वन 70 से 200 सेंटीमीटर वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्र में पाए जाते हैं।
- जल उपलब्धता के आधार पर इन वनों को आर्द्र पर्णपाती वन और शुष्क पर्णपाती वनों में बाँटा जाता है।

**129.** (D) जलोढ़ मृदा को बांगर और खादर में विभाजित किया गया है।
- बांगर और खादर क्षेत्र आमतौर पर दोआब क्षेत्रों में पाये जाते हैं।
- बांगर मृदा कंकड़ों से भरी होती है। इस लिए कम उपजाऊ होती है।
- यह रेतीले दोमट सामग्री से समृद्ध होती है।
- खादर गाद और मिट्टी से बना होता है।
- यह नमी युक्त चिपचिपी मृदा होती है।

**130.** (B) ओडिशा भारत में मैंगनीज का सबसे बड़ा (वृहद) उत्पादक है। ओडिशा में मैंगनीज कारापुट की पचपमाली की पहाड़ियों केदुझर और ऐवोनी की खानों से निकाला जाता है, अन्य उत्पादक राज्यों में मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रमुख हैं।

**131.** (B) भारत में मौलिक अधिकार भारत के संविधान के भाग III (अनुच्छेद 12-35) के तहत गारंटीकृत अधिकार है।
- भारतीय संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त छह मौलिक अधिकार हैं।
- समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
- स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
- शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)
- धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
- शिक्षा एवं संस्कृति सम्बन्धी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)
- संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)

**132.** (B) ज्वारीय ऊर्जा, महासागरीय ज्वार के माध्यम से प्राप्त ऊर्जा है।
- ज्वारीय शक्ति या ज्वारीय ऊर्जा जल विद्युत का एक रूप है जो ज्वार से प्राप्त ऊर्जा को मुख्य रूप से बिजली के उपयोगी रूपों में परिवर्तित करती है।
- समुद्र में आने वाले ज्वार–भाटे की ऊर्जा को उपयुक्त टर्बाइन लगाकर विद्युत शक्ति में बदल दिया जाता है।
- इसमें दोनों अवस्थाओं में विद्युत शक्ति पैदा होती है—जब पानी ऊपर चढ़ता है तब भी और जब पानी उतरने लगता है तब भी।
- इसे ही **ज्वारीय शक्ति** कहते हैं।
- यह एक अक्षय ऊर्जा का स्रोत है।

**133.** (B) भारतीय संविधान के कैबिनेट प्रणाली की विशेषता; ब्रिटेन के संविधान से उधार ली गयी है।
- संसदीय सरकार, कानून का नियम, विधायी प्रक्रिया, एकल नागरिकता, विशेषाधिकार सम्बन्धी लेखन, संसदीय विशेषाधिकार और द्विसदनात्मक प्रणाली प्रक्रिया को ब्रिटेन के संविधान से उधार लिया गया है।
- जापानी संविधान से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया को उधार लिया गया है।
- अमेरिकी संविधान से मौलिक अधिकार, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक समीक्षा, राष्ट्रपति का महाभियोग, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया और उपाध्यक्ष के पद को उधार लिया गया है।

**134.** (A) भारत में पहली सूती कपड़ा मिल बम्बई में स्थापित हुई थी।
- इस मिल की स्थापना  फरवरी, को की गई थी।
- इस मिल का नाम द बॉम्बे स्पिनिंग मिल था।

- इस मिल के संस्थापक कावासाजी नानाभाई डाबर थे।
- बम्बई में लगभग मिलों की स्थापना तक पारसी और गुजराती व्यापारियों द्वारा की गई थीं।

**135.** (C) पश्चिम बंगाल में हल्दिया बंदरगाह स्थित है। इस बंदरगाह में मुख्य आयात पेट्रोलियम तथा रसायन है। इसका नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कर दिया गया है।

**136.** (C) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 54 भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित है, भारत का राष्ट्रपति भारत संविधानिक प्रमुख होता है और साथ ही वह भारत का प्रथम नागरिक भी होता है तथा वह लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर संसद का निर्माण करता है।

**137.** (A) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचनों के अधीक्षण निदेशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग निहित होने से संबंधित है। निर्वाचन आयोग एक संविधानिक निकाय है और भारत में निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित तीन सदस्यीय है, जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

**138.** (B) जलवायु, आधारभूत सुविधाएँ, स्वास्थ्य सेवाएँ कारक किसी स्थान की जनसंख्या को प्रभावित करते हैं। अन्य कारकों में जल आपूर्ति, भूमि का निर्माण, वनस्पति, प्राकृतिक सम्पत्ति, मिट्टी और ऊर्जा की पहुँच आदि हैं।

**139.** (D) भारत और श्रीलंका रामसेतु बनाते टापुओं के समूह से जुड़े हुए हैं, पूर्व में मन्नार की खाड़ी में स्थित इस उथले जल क्षेत्र को एडम ब्रिज कहा जाता था, इस ब्रिज का पौराणिक महत्व है।

**140.** (A) जेलेप ला दर्रा, सिक्किम में राज्य में स्थित है।
- जेलेप ला एक पहाड़ी दर्रा है जो भारत के सिक्किम राज्य को दक्षिण तिब्बत में चुम्बी घाटी को जोड़ता है।
- यह एक ऐसे मार्ग पर है जो ल्हासा को भारत से जोड़ता है।
- इस दर्रे के पास भारतीय सीमा मे पूर्वी सिक्किम में मेनमेचो झील स्थित है।
- यह भूटान जाने का प्राकृतिक मार्ग प्रदान करता है।
- तीस्ता नदी जेलेप ला दर्रा से ही भारत में प्रवेश करती है।

**141.** (C) भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबंध से संबंधित है। 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा भारतीय संविधान में यह अनुसूची जोड़ी गई थी, इस अनुसूची को जोड़ने का उद्देश्य दल-बदल को रोकना है।

**142.** (A) फोबोस और डीमोस मंगल के दो चंद्रमा (उपग्रह) हैं। स्मरण रहे बुध और शुक्र के कोई चंद्रमा (उपग्रह) नहीं हैं, जबकि बृहस्पति के 79 प्राकृतिक चंद्रमा (उपग्रह) हैं जिनमें यूरोपा कैलिस्टो तथा गैनीमेड शामिल हैं।

**143.** (C) प्राइम मेरिडियन 0° माप है।

यह काल्पनिक रेखा लंदन के पास ग्रीनविच नामक स्थान से निकाली गई है इसलिए इसे ग्रीनविच रेखा, प्रधान याम्योत्तर रेखा या प्रधान मध्याह्न रेखा कहते हैं। 0° के पूर्व की ओर 180° देशांतर रेखा और पश्चिम की 1810° देशांतर रेखा है।

पृथ्वी पर कुल देशांतरों की संख्या 360 है।

**144.** (C) अनुच्छेद प्रावधान का I युग्म सही है, क्योंकि ग्राम पंचायतों के गठन का उल्लेख अनुच्छेद 40 में हुआ है।

अनुच्छेद प्रावधान का II युग्म सही है, क्योंकि धर्म और धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतंत्रता का उल्लेख 25 में हुआ है।

अतः अनुच्छेद प्रावधान युग्म I तथा II दोनों सही हैं।

**145.** (B) हिंद महासागर का सबसे गहरा बिंदु जावा ट्रेंच स्थान पर स्थित है। जावा ट्रेंच की गहराई 8152 मीटर है, स्मरण रहे जावा ट्रेंच को सुन्डागर्त के नाम से भी जाना जाता है।

**146.** (D) चक्रवात शब्द की उत्पत्ति ग्रीक शब्द 'साइक्लोस' से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ साँप के कुन्डल है।
- चक्रवात एक ऐसी संरचना है जो गर्म हवा के चारों ओर कम वायुमंडलीय दाब की स्थिति में उत्पन्न होती है। इसकी गति अत्यन्त तेज होती है।
- चक्रवात की परिधि पर उच्च वायुदाब व केन्द्र में निम्न वायुदाब होता है।

**147.** (B) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 239 संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है। स्मरण रहे भारत में संघ राज्य क्षेत्रों का प्रशासन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल और प्रशासकों द्वारा चलाया जाता है।

**148.** (A) विश्व की सबसे गहरी झील बैकाल झील है।
- बैकाल झील आयतन के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।
- तांगानिका झील दुनिया की सबसे लम्बी मीठे पानी की झील।
- तांगानिका झील दुनिया की दूसरी सबसे गहरी झील है।
- सुपीरिपर झील क्षेत्रफल के आकार पर विश्व की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।

**149.** (D) भारतीय संविधान के हस्ताक्षरकर्ताओं की कुल संख्या 284 थी। भारतीय संविधान सभा का गठन 1946 में हुआ था, इसके सदस्यों की कुल संख्या 389 थी, जिसमें 208 प्रतिनिधि कांग्रेस से, 73 मुस्लिम लीग, 93 रियासतों से व 15 अन्य थे, परंतु मुस्लिम लीग के अलग हो जाने के बाद यह संख्या 299 रह गई थी, जिसमें 296 सदस्य निर्वाचित प्रतिनिधि थे।

**150.** (A) अपिया, समोआ देश की राजधानी है जोकि दक्षिणी प्रशांत महासागर का देश है। समोआ को 1962 में न्यूजीलैंड से स्वतन्त्रता मिली थी।
- फिनलैंड की राजधानी—हेलसिंकी
- एस्टोनिया की राजधानी—तालिन
- साइप्रस की राजधानी—निकोसिया

❑❑